रोहतक
सोमवार, 5 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 94
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 37.5
न्यून. 20.7

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



4 सबालेंका ने जीता करियर का 20वां खिताब

## आईपीएल में आज



सनराइज हैदराबाद
V/S
दिल्ली कैपिटल्स
: समय :
7.30 PM
: स्थान :
हैदराबाद

## खबर संक्षेप

### फवाद, आतिफ, इमरान बिलावल के अकाउंट बंद

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाक के पूर्व पीएम इमरान खान, बिलावल भुट्टो, फवाद खान, आतिफ असलम और 'सनम तेरी कसम' में अभिनय करने वाली मावरा होकेन, आबिदा परवीन समेत 13 हस्तियों के इंस्टाग्राम अकाउंट बंद कर दिए हैं। भारत में जब इनके प्रशंसकों ने इंस्टाग्राम पेज पर पहुंचने की कोशिश की तो संदेश आया, भारत में खाता उपलब्ध नहीं है। भाषा

### ह्यूस्टन में गोलीबारी में एक की मौत, कई घायल

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में शनिवार देर रात एक समारोह के दौरान हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और लगभग 14 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस प्रमुख पैट्रिशिया कांटू ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि स्थानीय समय अनुसार रात करीब 12 बजकर 50 मिनट पर साउथईस्ट ह्यूस्टन के चेरी हिल इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली। भाषा

### अलीगढ़ में 4 सीटर ट्रेनी विमान क्रैश, जांच के आदेश

**अलीगढ़।** अलीगढ़ एयरपोर्ट में पायलट ट्रेनिंग के दौरान एक प्लेन क्रैश हो गया। 4 सीटर इस प्लेन के अंदर सिर्फ ट्रेनी पायलट प्रणव जैन मौजूद थे, जो प्लेन उड़ा रहे थे। जब प्लेन क्रैश की सूचना अधिकारियों को मिली,तो अफरा-तफरी मच गई। मामला धनीपुर हवाई पट्टी का है। प्लेन आसमान में उड़ने के बाद लैंडिंग कर रहा था। प्लेन को रन-वे पर उतारने के दौरान इसका डायरेक्शन बदल गया। एजेंसी

### छात्रों का जनेऊ उतारा ब्राह्मणों का प्रदर्शन

**कलबुर्गी।** कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में नीट के एक परीक्षा केंद्र के समक्ष ब्राह्मण समुदाय के सदस्यों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया और समुदाय के कुछ छात्रों को 'जनेऊ' उतारने के लिए कहने वालों की जवाबदेही तय करने की मांग की। रविवार को ब्राह्मण अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले जनेऊ उतारने को कहा गया या उसे काट दिया गया।

### वक्फ कानून पर आज होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। कुछ सप्ताह पहले सरकार ने शीर्ष अदालत के प्रश्नों के मद्देनजर इस विवादास्पद कानून के दो मुख्य बिंदुओं के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी थी। केंद्र ने कोर्ट को सूचित किया था कि वह पांच मई तक वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं करेगा। भाषा

### बीएसएफ को 16 नई बटालियन मिलेंगी

नई दिल्ली। पाक एवं बांग्लादेश के साथ लगी भारतीय सीमा की चौकसी कर रहे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को 16 और बटालियन गठित करने के लिए सरकार की अंतिम मंजूरी मिलने वाली है, जिसमें करीब 17,000 जवान होंगे। पश्चिमी और पूर्वी कमान के लिए दो अग्रिम मुख्यालय स्थापित किए जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी है। भाषा

## पाकिस्तान से तनाव के बीच एक और कड़ा फैसला, बढ़ेंगी पड़ोसी की मुश्किलें

# भारत ने चिनाब नदी का पानी रोका अब झेलम का रोकने की भी तैयारी

बगलिहार बांध के गेट बंद होने के बाद चिनाब का बहाव काफी कम हुआ, इससे पाकिस्तान की कृषि व पर्यावरण दोनों पर बुरा असर पड़ेगा

एजेंसी ▶▶| पहलगाम/नई दिल्ली

भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले ले रहा है। पाक से आयात पर रोक, डाक सेवा और पाकिस्तानी जहाजों के लिए अपने बदंरगाह प्रतिबंधित करने सिंधु जल संधि सस्पेंड करने के बाद भारत ने अब चिनाब नदी का पानी भी रोक दिया है। सूत्रों के मुताबिक, जम्मू के रामबन में बने बागलिहार बांध से चिनाब का पानी रोका गया है। वहीं, कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम नदी का पानी रोकने की भी तैयारी चल रही है। एक सूत्र ने बताया कि जम्मू के रामबन में बगलिहार और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा हाइड्रो पावर डैम के जरिए भारत अपनी तरफ से पानी छोड़ने के टाइम को रेगुलेट कर सकता है। यानी इन बांधों के जरिए पाकिस्तान को पहुंचने वाले पानी को बिना किसी पूर्व चेतावनी के कम किया जा सकता है और फ्लो को बढ़ाया भी जा सकता है। रामबन में बगलिहार बांध के गेट बंद होने के बाद चिनाब नदी का बहाव काफी कम हो गया है। एक्सपर्ट का मानना है कि चिनाब का पानी कम होने से पाकिस्तान की कृषि और पर्यावरण दोनों पर बुरा असर पड़ सकता है। वहीं, रेलवे भी अपनी तैयारियों में जुटा हुआ है। रेलवे हर छह मिनट में सैन्य साजो सामान से लदी ट्रेन चलाने में सक्षम है। उत्तर रेलवे करीब 9 जगहों पर सैन्य और युद्ध सामग्री उतार सकता है।

### विवाद

भारत लगातार बढ़ा रहा कूटनीतिक दबाव
●
पंजाब में पाकिस्तान के दो जासूस गिरफ्तार, दोनों आईएसआई के एजेंट
●
रूस में पाक के राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली ने न्यूक्लियर अटैक की धमकी दी

*केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि, रक्षा मंत्री के तौर पर मेरी जिम्मेदारी है कि भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि देशवासी जो चाहते हैं वह निश्चित रूप से होगा। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि भारत की धरती पर पाक का समर्थन करने के आरोप में असम में 39 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।*





### पीएम मोदी से मिले वायुसेना प्रमुख

एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक पीएम और एयरचीफ मार्शल के बीच पहलगाम हमले को लेकर बातचीत हुई। पहलगाम आतंकी हमले को 12 दिन हो चुके हैं। पाकिस्तान से तनाव के बीच पीएम मोदी लगातार सेना प्रमुखों के साथ मीटिंग कर रहे हैं, शनिवार को उन्होंने नेवी चीफ के साथ मीटिंग की थी।

### पाक ने एलओसी पर लगातार दसवें दिन संघर्ष विराम तोड़ा

**जम्मू।** पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बिना उकसावे के गोलीबारी की जिसका भारतीय सेना ने प्रभावी तरीके से जवाब दिया। शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि में केंद्र शासित प्रदेश के पांच जिलों के आठ स्थानों से पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किए जाने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### पाक ने भारतीय पोतों के लिए बंदरगाह बंद किए

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली (भाषा)** पहलगाम हमले के मद्देनजर भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ नए दंडात्मक कदम उठाए जाने के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने भी भारतीय ध्वज वाले पोतों के लिए अपने बंदरगाहों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। इससे पहले, भारत ने इस्लामाबाद के खिलाफ नए दंडात्मक कदम उठाते हुए शनिवार को पाकिस्तान के साथ सभी डाक सेवाएं स्थगित कर दीं और भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी ध्वज वाले पोतों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। भारत ने पाकिस्तान से आने वाले या वहां से गुजरने वाले माल के आयात और अपने बंदरगाहों पर पाकिस्तानी पोतों के प्रवेश पर भी शनिवार को प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद, पाकिस्तान ने शनिवार देर रात आदेश दिया कि भारतीय ध्वज वाले किसी भी पोत को किसी भी पाकिस्तानी बंदरगाह पर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### पंजाब से पाकिस्तान भेज रहे थे सूचनाएं, पकड़े गए

पंजाब में अमृतसर पुलिस ने रविवार को 2 जासूसों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, ये दोनों अमृतसर में आर्मी कैंट और एयरफोर्स बेस से जुड़ी संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी भेज रहे थे। इन आरोपियों से एक मोबाइल बरामद हुआ है, जिसमें आर्मी की मूवमेंट और एयरफोर्स बेस की तस्वीरें मिली हैं। ये दोनों अमृतसर की जेल में बंद हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू उर्फ हैप्पी के जरिए आईएसआई से जुड़े हुए थे। आरोपियों की पहचान पलक शेर मसीह और सूरज मसीह के रूप में हुई है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि इस मामले में ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।



### *जम्मू कश्मीर के रामबन में हादसा*

## सेना का वाहन खाई में गिरा, 3 जवानों की मौत

●
700 फुट गहरी खाई में गिरा सैन्य वाहन
●
**सेना, पुलिस और एसडीआरएफ ने बचाव अभियान चलाया**
●
बादल फटने से सड़क पर भारी कीचड़ था, वाहन फिसला



**रामबन/जम्मू (भाषा)।** जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक सैन्य वाहन के सड़क से फिसलकर 700 फुट गहरी खाई में गिर जाने से तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सेना का ट्रक राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था। यह हादसा बैटरी चश्मा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे हुआ। सेना, पुलिस, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा तत्काल संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया गया।उन्होंने बताया कि हादसे में तीन सैनिकों की मौत हो गई, जिनकी पहचान सिपाही अमित कुमार, सुजीत कुमार और मान बहादुर के रूप में हुई है।

#### शुक्रवार को फटा था बादल

शुक्रवार को रामबन में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ था। सड़क पर मडस्लाइडिंग (कीचड़) के चलते एनएच-44 को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया था। प्रशासन ने लोगों को अलर्ट किया था कि हाईवे क्लियर होने की जानकारी मिलने के बाद ही सफर के लिए निकले। इससे पहले, 4 जनवरी को बांदीपोरा जिले में सेना का ट्रक खाई में गिरने से 4 जवानों की मौत हुई थी। 2 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ट्रक में 6 जवान ही सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि हादसा जिले के एसके पायीन इलाके में हुआ।



## बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुले चारधाम यात्रा पूर्ण रूप से शुरू

**बदरीनाथ (भाषा)।** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट सर्दियों में छह माह बंद रहने के बाद रविवार पुनः श्रद्धालुओं के लिए खोलने के साथ ही पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से की गई। सुबह छह बजे चमोली जिले में स्थित मंदिर के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस मौके पर मंदिर परिसर में देश-विदेश के करीब 15 हजार श्रद्धालाओं के साथ ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तथा टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय भी मौजूद थे। इस अवसर पर मंदिर को लगभग 15 टन रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया गया।

## गुरुग्राम में ट्रॉली बैग में मिली युवती की लाश, चेहरा कुचला, आंखें बाहर निकलीं

हत्या के बाद बैग में पैक करने का संदेह, सुशांत लोक से बरामद | हाई प्रोफाइल और अच्छे घराने से दिख रही युवती | युवती की पहचान पर पुलिस ने रखा 25000 का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गुरुग्राम के पॉश एरिया सुशांत लोक में एक युवती की लाश ट्रॉली बैग में मिली है। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस की प्राथमिक जांच के अनुसार युवती हत्या कर शव को ट्राली बैग में पैक कर यहां फेंका गया है। चेहरा कुचलने से उसकी आंखें बाहर निकली मिली हैं। युवती हाई प्रोफाइल और अच्छे घराने से दिख रही है। पुलिस ने युवती की पहचान करने वाले को 25 हजार रुपये का ईनाम देने की घोषणा की है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस में रखवा दिया है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि युवती की हत्या किसी दूसरे स्थान पर की गई है और उसका शव बैग में पैक कर यहां फेंका गया है। युवती की पहचान ना हो सके, इसके लिए चेहरे को कुचला गया है, जिससे दोनों आंखें बाहर निकली हुई मिली हैं।

#### अभी तक पहचान नहीं

गुरुग्राम पुलिस के कंट्रोल रूम में शनिवार देर शाम एक ट्राली बैग में एक युवती के शव होने की सूचना मिली थी। सुशांत लोक थाना पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और फॉरेंसिक व अन्य टीमों ने जांच शुरू कर दी। मौके पर खून के छींटे व अन्य साक्ष्य नहीं मिले हैं, इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवती की हत्या कहीं और की गई है। युवती किसी अच्छे घर से ताल्लुक रखती है। रविवार शाम तक युवती के शव की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस के अनुसार, शव की पहचान होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### दुर्गंध आने पर राहगीर ने खोला बैग

सुशांत लोक थाने के जांच अधिकारी कर्मबीर ने बताया है कि ट्राली बैग फरीदाबाद रोड स्थित शिव नादर स्कूल के पास वाली सड़क पर मिला। अशोक नामक राहगीर ने दुर्गंध आने पर बैग खोला तो युवती की डेडबॉडी मिली। अशोक ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि जब वह रास्ते से गुजर रहा था तो उसे रोड साइड पड़े ट्रॉली बैग से दुर्गंध आई थी। इसके बाद जब उसने बैग को टटोला तो उसमें किसी इंसान के होने की आशंका हुई। उसने बैग को खोलकर देखा तो उसमें युवती डेड बॉडी मिली, इसके बाद उसने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बैग को कब्जे में ले लिया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर युवती कौन है और किसने वारदात की है।

### आईआईटी, खड़गपुर के छात्रावास में छात्र का शव फंदे से लटका मिला

**कोलकाता (भाषा)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर के छात्रावास के एक कमरे में रविवार को बीटेक (तृतीय वर्ष) के एक छात्र का शव फंदे से लटका मिला। एक अधिकारी ने बताया कि मोहम्मद आसिफ कमर का शव आईआईटी, खड़गपुर परिसर के मदनमोहन मालवीय हॉल स्थित उसके छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। कमर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के तृतीय वर्ष का छात्र था और शनिवार रात से उसका दरवाजा अंदर से बंद था।कमर बिहार के शिवहर जिले का रहने वाला था। उसके परिवार को इसकी सूचना दे दी गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं।

बीटेक कर रहा था आसिफ
**बिहार का रहने वाला था छात्र**
15 दिन में ऐसा दूसरा मामला

### नीट परीक्षार्थी ने परीक्षा से एक दिन पहले की आत्महत्या

**कोटा (भाषा)।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की एक परीक्षार्थी ने रविवार को होने वाली इस परीक्षा से एक दिन पहले पार्श्वनाथ इलाके में स्थित अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुन्हाड़ी पुलिस थाने के मंडल निरीक्षक अरविंद भारद्वाज ने बताया कि छात्रा की उम्र 18 साल से कम थी और वह मध्य प्रदेश के श्योपुर की रहने वाली थी। वह माता-पिता के साथ पिछले कई साल से कोटा में रह रही थी और एक कोचिंग संस्थान में नीट-यूजी की तैयारी कर रही थी। छात्रा को रविवार को देश भर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होने वाली नीट-यूजी की परीक्षा देनी थी। छात्रा ने अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर लोहे की ग्रिल से फांसी लगा ली।

छात्रा ने कोटा में दी जान
**मध्य प्रदेश के श्योपुर की रहने वाली थी**
18 वर्ष थी उम्र

### पद्मश्री से सम्मानित 128 वर्षीय योग गुरु शिवानंद का निधन

**वाराणसी (भाषा)।** पद्मश्री से सम्मानित वाराणसी निवासी प्रख्यात योग गुरु स्वामी शिवानंद का निधन हो गया। वह 128 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। बाबा शिवानंद के शिष्यों ने बताया कि अस्वस्थ होने के कारण उन्हें 30 अप्रैल को काशी हिंदू विश्वविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया था और शनिवार रात उन्होंने अंतिम सांस ली। श्रद्धांजलि देने के लिए बाबा शिवानंद के पार्थिव शरीर को कबीरनगर कॉलोनी स्थित उनके आवास पर रखा गया है। शिष्यों ने बताया कि वर्तमान में बांग्लादेश के श्रीहट्ट जिले में आठ अगस्त 1896 को शिवानंद का जन्म हुआ था।



प्रधानमंत्री मोदी ने शोक प्रकट किया

## इंडिगो फ्लाइट में एयर होस्टेस से छेड़छाड़, आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से शिरडी जा रही इंडिगो फ्लाइट में नशे में धुत एक यात्री ने एयर होस्टेस से छेड़छाड़ की। जब फ्लाइट शिरडी एयरपोर्ट पर लैंड हुई, तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पैसेंजर ने फ्लाइट के टॉयलेट के पास एयर होस्टेस को बैड टच किया। एयर होस्टेस ने तुरंत क्रू मैनेजर को इसकी जानकारी दी। एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होते ही सुरक्षा अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। मेडिकल जांच से पता चला है कि आरोपी ने शराब पी रखी थी। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है। इंडिगो ने कहा, दिल्ली-शिरडी फ्लाइट 6ई 6404 में एक यात्री ने क्रू से बदसलूकी की।

**मेडिकल रिपोर्ट में खुलासा नशे में था आरोपित**

#### वाराणसी एयरपोर्ट पर भी एयर होस्टेस से छेड़छाड़ हो चुकी

वाराणसी एयरपोर्ट पर 30 अगस्त 2024 को फ्लाइट में सवार यात्री पर एयर होस्टेस ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। विमान में चढ़ते समय पैसेंजर ने यह हरकत की थी। क्रू मेंबर ने इसकी जानकारी अफसरों को दी। क्विक रिस्पॉन्स टीम के साथ पहुंचे अफसरों ने यात्री को विमान से नीचे उतारने की कोशिश की तो उसने हंगामा कर दिया। आरोपी तेलंगाना का रहने वाला था। यात्री से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके परिजन को भी मामले की जानकारी दी थी।

**बयान** कांग्रेस नेता ने माना, ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी, लेकिन तब मैं वहां नहीं था

*अमेरिका की यूनिवर्सिटी में दिए बयान का वीडियो अब सामने आया*

## कांग्रेस ने 1980 के दशक में गलतियां की, जिम्मेदारी स्वीकारता हूं : राहुल

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर कहा है कि उनकी पार्टी ने अतीत में बहुत सी 'गलतियां' उस वक्त कीं जब वह पार्टी में नहीं थे, लेकिन पार्टी ने अपने इतिहास में जो कुछ भी गलत किया है, उसकी जिम्मेदारी वह सहर्ष स्वीकारते हैं। उनका यह भी कहना है कि अतीत में उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1980 के दशक में जो हुआ वह गलत था। राहुल ने यह टिप्पणी 21 अप्रैल को अमेरिका में ब्राउन विश्वविद्यालय के 'वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' में एक संवाद सत्र के दौरान की थी। बातचीत का वीडियो शनिवार को वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया था। इसके बाद यह वायरल हो गया।

#### सिख छात्र ने किया था सवाल

दरअसल, संवाद सत्र के दौरान एक सिख छात्र ने सवाल किया कि वह सिख समुदाय के साथ तालमेल बैठाने के लिए क्या प्रयास कर रहे हैं। उसने 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र किया। छात्र ने अमेरिका की पिछली यात्रा के दौरान राहुल गांधी की उस टिप्पणी का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह जो लड़ाई लड़ रहे हैं, वह इस बात को लेकर है कि भारत में सिखों को पगड़ी पहनने की इजाजत होगी या नहीं। अपने जवाब में राहुल ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी चीज सिखों को डराती है। मैंने जो बयान दिया था वह यह था कि क्या हम ऐसा भारत चाहते हैं जहां लोग अपने धर्म को व्यक्त करने में असहज हों? जहां तक कांग्रेस पार्टी की गलतियों का सवाल है, उनमें से कई गलतियां तब हुईं जब मैं वहां (पार्टी में) नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अपने इतिहास में जो कुछ भी गलत किया है, उसकी जिम्मेदारी सहर्ष स्वीकारता हूं।



#### सिख समुदाय के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध

राहुल का कहना था, मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि 80 के दशक में जो हुआ वह गलत था, मैं कई बार स्वर्ण मंदिर गया हूं, भारत में सिख समुदाय के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं और उनके साथ प्रेमपूर्ण संबंध हैं।

#### भाजपा ने कहा अब विदेश में भी होने लगा उपहास

भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने शनिवार को कहा, एक युवक राहुल से उनके सामने यह कहता है, उन्हें उस निराधार भय फैलाने की याद दिलाता है जो उन्होंने अपनी पिछली अमेरिका यात्रा के दौरान किया था। मालवीय ने कहा, यह अभूतपूर्व है कि राहुल का अब न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में उपहास किया जा रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस को दुनिया भर के करोड़ों करोड़ों हिन्दुओं की आस्था का मजाक उड़ाना बंद करना चाहिए। उनके जैसे लोग और राजनीतिक दल आएंगे और जाएंगे, लेकिन भगवान राम हमेशा धर्म के शाश्वत प्रतीक रहेंगे।





हरियाणा सरकार

"पीएम आवास योजना से लोगों को न सिर्फ़ पक्का घर मिल रहा है, बल्कि इससे गांवों और शहरों में रोजगार के भी अनेक अवसर बन रहे हैं।"
- नरेन्द्र मोदी

## हरियाणा सरकार का है सपना, सबका घर हो अपना

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0

## श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा
द्वारा

**ग्रामीण क्षेत्रों में प्लॉटों के आवंटन प्रक्रिया का शुभारंभ**

**दिनांक - 5 मई, 2025 । स्थान - चण्डीगढ़**

हरियाणा सरकार द्वारा संकल्प पत्र में किए गये वायदों को पूरा करते हुए पहले चरण में 61 ग्राम पंचायतों और 1 महाग्राम पंचायत में 4532 प्लॉटों का आवंटन किया

अब, दूसरे चरण में 537 ग्राम पंचायतों एवं 24 महाग्राम पंचायतों में 1.58 लाख आवेदकों के लिए आवंटन प्रक्रिया का शुभारम्भ

### मुख्य बिंदु

- ग्राम पंचायत के आवेदकों के लिए 100 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट
- महाग्राम पंचायत के आवेदकों के लिए 50 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट

अगस्त एवं सितम्बर के दौरान पंजीकृत आवेदक अपने रजिस्ट्रेशन का प्रयोग करके https://hfa.haryana.gov.in/ पर जाएं

अधिक जानकारी के लिए 0172-3520001 पर कॉल करें तथा गांवों की सूची देखने के लिए विभाग की वेबसाइट www.hfa.haryana.gov.in पर जाएं

**हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा**

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

**खबर संक्षेप**



## खैर तस्करों ने वन विभाग के कर्मचारियों पर की फायरिंग

**यमुनानगर।** जिले के कलेसर वन क्षेत्र में गांव खिजरी के नजदीक जंगल खैर तस्करों ने वन सुरक्षा कर्मचारियों पर दो राउंड फायरिंग कर दी। गनीमत यह रही कि फायरिंग में वन सुरक्षा कर्मचारियों को गोली नहीं लगी। मामले की जांच कर रहे प्रतापनगर थाना प्रभारी सचिन ने बताया कि वन सुरक्षा कर्मचारी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उन्हें सूचना मिली थी कि वन क्षेत्र में खिजरी के नजदीक जंगल में कुछ खैर तस्कर चोरी से खैर के पेड़ काट रहे हैं। सूचना मिलते ही वह अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां पर खैर की लकड़ी काटकर चोरी करने का प्रयास कर रहे तस्करों ने उन पर दो राउंड फायरिंग कर दी और मौके पर काटी गई खैर की लकड़ी को छोड़कर फरार हो गए।

## बोरवेल की मोटर से किसान को करंट लगा

**बहल।** खरकड़ी माखवान में खेत में बने बोरवैल से मोटर निकालते समय 42 वर्षीय किसान को करंट लग गया। करंट लगने से किसान की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर इतिफाकिया कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खरकड़ी माखवान निवासी 42 वर्षीय किसान राकेश अपने खेत मे बने बोरवैल से शनिवार को सुबह मोटर निकाल रहा था। मोटर निकालते समय उसको अचानक करंट लग गया। करंट लगने के बाद किसान बेहोश हो गया। बेहोशी की हालात में किसान को मौके पर मौजूद उसके पिता अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया

# पति व बेटा जेल गए, मां-बेटी ने संभाला नशे का धंधा, 18 किलो चरस बरामद

■ पति पर **22** और लड़के पर **13** केस ■ महिलाओं से बरामद नशे की कीमत **25** लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने 25 लाख रुपये कीमत की चरस सहित मां-बेटी को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान चरणजीत कौर पत्नी अवतार सिंह व उसकी मां हरपाल कौर पत्नी जोगिन्द्र सिंह निवासी बाबा बुटा शाह बस्ती टोहाना के रूप में हुई है। दोनों महिलाओं के खिलाफ थाना शहर टोहाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। महिला हरपाल कौर का पति जोगिन्द्र सिंह व लडका कुलदीप सिंह भी नशा तस्करी का काम करता है जोगिन्द्र व उसका लडक़ा कुलदीप नशा तस्करी मे जेल मे बंद है। रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए टोहाना के डीएसपी उमेद सिंह ने बताया कि एसपी सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत टोहाना पुलिस को सूचना मिली कि बाबा बूटा शाह बस्ती टोहाना में एक महिला हरपाल कौर और उसकी लड़की चरणजीत कौर नशा तस्करी का काम करती है। आज भी मां-बेटी काफी मात्रा में नशा लेकर बेचने के लिए लाई हुई है। इस पर पुलिस टीम ने मां-बेटी को पकड़ने की योजना बनाई और उनके घर पर रेड की। पुलिस ने मौके से हरपाल कौर और उसकी लड़की चरणजीत दोनों को काबू किया और मकान की तलाशी ली तो कमरे में चारपाई के नीचे छिपाकर रखी गई 17 किलो 760 ग्राम चरस बरामद हुई। बरामद हुई चरस की कीमत करीब 25 लाख रुपये है। पकड़ी गई दोनो महिला आरोपी के खिलाफ थाना शहर टोहाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

> ■ पुलिस ने घर पर छापेमारी कर दोनों को नशीले पदार्थ के साथ पकड़ा
> ■ चारपाई के नीचे छुपा कर रखी हुई थी 17. 760 किलो चरस

डीएसपी ने बताया कि महिला आरोपी हरपाल कौर का पति जोगिन्द्र सिंह व लडका कुलदीप सिंह भी नशा तस्करी का काम करता है। जोगिन्द्र व उसका लडक़ा कुलदीप नशा तस्करी मे जेल मे बंद है। जोगिदर सिह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत 22 मामले दर्ज है और कुलदीप सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत 13 मामले दर्ज है। डीएसपी ने बताया कि पकड़ी गई महिला और उसकी बेटी दोनों से पूछताछ की जा रही है। नशा तस्करी को सहन नहीं किया जाएगा।



**फतेहाबाद।** लाखों की चरस सहित गिरफ्तार मां-बेटी।

### सारा परिवार नशा तस्करी में संलिप्त : एसपी

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन फतेहाबाद जिले से नशे को जड़मूल से समाप्त करने के लिए उसकी तह तक जा रहे हैं। रविवार को जो मामला पुलिस ने पकड़ा है, उसे पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी माना जा रहा है क्योंकि यह परिवार नशा तस्करी और बेचने के मामलों में कुख्यात है। पुलिस ने आज जिस मां-बेटी से चरस बरामद की है, उसका पूरा परिवार ही नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त है। रविवार को पकड़ी गई महिलाएं मां और बेटी है। महिला का पति व पुत्र नशा तस्करी के मामले में पहले से ही जेल में बंद हैं। डीएसपी उमेद सिंह के अनुसार पकड़ी गई महिला हरपाल कौर के पति जोगिन्द्र सिंह पर कुल 22 मामले दर्ज हैं जबकि उसके लडक़े कुलदीप पर 13 आपराधि मामले दर्ज हैं। दोनों ही अलग-अलग संगीन मामलों में संलिप्त है और इन दिनों जेल में हैं। अब मां-बेटी के साथ ही पूरा परिवार की सलाखों के पीछे पहुंच गया है।

### झज्जर में गांजे सहित तस्कर गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा मादक पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी को पकड़ा गया है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी उप-निरीक्षक योमेश ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना शहर झज्जर के एरिया में तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि निवासी स्थानीय शिव कॉलोनी निवासी नरसिम्हा मादक पदार्थ की तस्करी का अवैध धंधा करता है। वह नशीला पदार्थ गांजा बेचने की फिराक में कच्चा बेरी रोड के नजदीक खड़ा हुआ है। जिस पर कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जिसका वजन करने पर 228 ग्राम पाया गया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्रवाई अमल में लाई गई है।



## 55 किलो चूरापोस्त सहित तस्कर काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान गांव शक्कर मंदोरी से गाड़ी सवार युवक को 55 किलो 42 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने बताया कि नारकोटिक्स सेल की एक पुलिस टीम नाकाबंदी के दौरान नाथूसरी चौपटा थाना क्षेत्र के गांव चाहरवाला से गांव शक्कर मंदोरी रोड पर रंगोई नाला के पुल पर आने जाने वाले वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान गांव चाहरवाला की ओर से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी आती दिखाई दी। गाड़ी में सवार युवक सामने पुलिस पार्टी को देखकर अचानक घबरा गया और गाड़ी को वापस मोड़ कर भागने का प्रयास किया। शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त गाड़ी सवार युवक को काबू कर गाड़ी को चेक किया तो गाड़ी की पिछली सीट पर प्लास्टिक के दो गट्टे भरे हुए मिले। मौका पर राजपत्रित अधिकारी को बुलाकर प्लास्टिक के गट्टों को खोलकर नियमानुसार तलाशी ली तो प्लास्टिक के गट्टों में से 55 किलो 42 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपी की पहचान अमित कुमार पुत्र प्रताप सिंह निवासी चूली कलां आदमपुर जिला हिसार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ नाथूसरी चौपटा थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि उक्त डोडा चूरा पोस्त राजस्थान के बीकानेर क्षेत्र से लेकर आया था और उसे नाथूसरी चोपटा व उसके आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई किया जाना था।

## दस्तावेजों से छेड़छाड़ कर फर्जी पते पर बनवाया पासपोर्ट, मामला दर्ज

■ उम्रकैद काट रहा ■ फिलहाल जमानत पर बाहर

**जींद।** हत्या के मामले मे उम्रकैद सजायाफ्ता द्वारा दस्तावेजों से छेड़छाड़ कर फर्जी पता के आधार पर पासपोर्ट बनवाने मामला सामने आया है। आरोपित विदेश भागने की फिराक मे था। एसटीएफ सोनीपत की शिकायत पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी पासपोर्ट एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोनीपत एसटीएफ की तरफ से शहर थाना नरवाना पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि पटेल नगर नरवाना निवासी शेखर अपराधी प्रवृति का व्यक्ति रहा है। जोकि हत्या के मामले मे उम्र कैद सजायाफ्ता है ओर अब वह जमानत पर आया हुआ है। आरोपित ने फर्जी दस्तावेजो तथा पते पर अपना पासपोर्ट बनवाया हुआ है।

■ विदेश भागने की फिराक में था हत्या के मामले में हुई थी उम्रकैद

### दिल्ली का पता देकर बनवाया फर्जी पासपोर्ट

जांच मे सामने आया कि आरोपित शेखर कुमार ने अपने मूल पते को छुपाते हुए गांव कोडली वसुधरा दिल्ली का पता दिया हुआ है। जिसने अपने आधार कार्ड के साथ छेड़छाड़ की हुई। एसटीएफ ने जब जांच का आगे बढाया तो आरोपित ने शेखर पुत्र आजाद, माता का नाम सुमन दिखा कर दिल्ली के पते पर अपना पासपोर्ट बनवाया हुआ है। उसी पासपोर्ट के आधार पर आरोपित विदेश भागने की फिराक में है। एसटीएफ सोनीपत की शिकायत पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने शेखर के धोखाधड़ी, पासपोर्ट एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सीमेंट का ऑनलाइन आर्डर देना पड़ा मंहगा, 4.50 लाख की चपत

■ गूगल पर नंबर सर्च कर 1000 बैग का दिया था ऑर्डर

**जींद।** सीमेट व्यापारी को आन लाइन सीमेंट भेजने का झांसा देकर चार लाख 50 हजार 224 रुपये हड़प लिए। व्यापारी को न तो सीमेंट मिली और न ही राशि वापस हुई। निर्जन मे लखमीरवाला रोड पर सीमेंट का कारोबार करने वाले सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसने गुगल पर सर्च कर वडर सीमेंट के कस्टमर केयर नंबर पर कॉल की थी। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने खुद को गाजियाबाद से वडर सीमेट का अधिकारी बताया। मोल भाव तय होने के बाद उसने गत 18 अप्रैल को 640 बैगो का आर्डर किया और आरजीटीएस के माध्यम से एक लाख 73 हजार 260 रुपये का भुगतान भी कर दिया। इजसके बाद कहा गया कि उसके आर्डर की स्पलाई लेट चल रही है। अभी एक हजार बैग आर्डर को भेजा जा रहा है। आप 360 बैग का और आर्डर कर कर दो। जिस पर उसने 97 हजार 380 रुपये और खाते मे डलवा दिए। बावजूद इसके सीमट नही आई। जब उसने फिर संपर्क साधा तो बताया की सीमेंट का रेट दस रुपये और बढ गया है। इसलिए आर्डर नहीं आएगी। इजसके बाद उसने 25 अप्रैल को एक लाख 79 हजार 584 की राशि और जमा करवा दी। बावजूद इसके सीमेंट का आर्डर नही मिला। आरोपितो ने उससे चार लाख 50 हजार 224 रुपये की राशि को हड़प लिया। साइबर थाना पुलिस ने सुनील की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हर घर में पैदा हो लेफ्टिनेंट नरवाल जैसी साहसी संतान : सुमन सैनी

### मुख्यमंत्री की पत्नी ने विनय को दी श्रद्धांजलि



**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी रविवार को लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचीं। उन्होंने विनय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि विनय के माता-पिता को सैल्यूट है, जिन्होंने वीर सुपुत्र को जन्म दिया। विनय की धर्मपत्नी हिमांशी को भी सलाम है, जो घटना के वक्त विनय के साथ थी और इतनी देर वहां बैठी रही। उन्होंने कहा कि यह सभी के लिए भावुक पल हैं। हर घर में विनय नरवाल जैसी साहसी संतान पैदा हो। उन्होंने कहा कि इस दुखः की घड़ी में पूरा हरियाणा विनय नरवाल के परिवार के साथ खड़ा है। उनकी प्रार्थना है कि प्रभु विनय नरवाल को अपने चरणों में स्थान दें।

## 8 माह के रूद्रांस के मुंह में 8 दांत वर्ल्डवाइड बुक ऑफ रिकार्ड में शामिल

**जींद।** बांगर क्षेत्र में जन्मे रूद्रांस कुमार ने आठ महीने 23 दिन की उम्र में वर्ल्डवाइड बुक ऑफ रिकार्डस में नाम दर्ज करवा अनोखा कारनामा कर दिखाया है। इतनी कम उम्र में उनके आठ दांत निकल आए, जो चिकित्सा विज्ञान की दृष्टि से एक दुर्लभ घटना है। आठ दांत इस उम्र में निकलने पर रूद्रांस का नाम वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्डस में दर्ज किया गया।

रेलवे रोड पर वार्ड नंबर चार में रहने वाली रूद्रांस की माता डॉ. रश्मि पेशे से चिकित्सक है। डॉ. रश्मि ने बताया कि उसके बेटे रूद्रांस ने आठ महीने 23 दिन की उम्र में वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकार्डस नाम दर्ज करवाया है। इस उम्र में सबसे अधिक आठ दांत आने पर उसका नाम दर्ज हुआ है। आमतौर पर आठ महीने के बच्चे के दो से तीन दांत ही आते है। 20 मार्च 2025 को रूद्राक्ष का नाम इस रिकार्ड में दर्ज हुआ है। ऑन लाइन एप के माध्यम से नाम दर्ज करवाया है। दांतों की फोटो एवं वीडियो बना कर एप पर अपलोड करनी पड़ती है।

नाम दर्ज करवाने के बाद जो प्रूफ होते है वो भेजने पड़ते है। इन सभी प्रूफ की जांच के बाद ही रिकार्डस में नाम दर्ज होता है। अब वल्डवाइड बुक ऑफ रिकार्डस ने रिकॉर्ड की जानकारी अपनी साइड पर अपलोड भी कर दी है।



**जींद।** बेटे रूद्रांस के साथ डॉ. रश्मि।

**बम निरोधक दस्ता जांच के लिए पहुंचा**

**तेज धमाके से सहमे ग्रामीण**

## महेंद्रगढ़ के छाजियावास में विस्फोट में मकान ध्वस्त, एक युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव छाजियावास में रविवार की सुबह अज्ञात कारणों के चलते हुए विस्फोट के चलते एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। ग्रामीणों ने घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। घायल व्यक्ति को देर शाम दिल्ली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना के बाद देर शाम पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का मुआयना किया। मिली जानकारी के अनुसार गांव छाजियावास निवासी अनिल कुमार के घर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। हादसा इतना भयानक था की घर के दरवाजे, दीवार व छत पूरी से नष्ट हो गई। हादसे में गांव निवासी 32 वर्षीय सोमबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना के बाद घटना स्थल पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने घायल सोमबीर को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहां से सोमबीर को दिल्ली के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि अनिल अपने परिजनों के साथ दिल्ली रहते है। सोमबीर रविवार की सुबह किसी काम से अपने चाचा अनिल के घर गया था। इसी दौरान सोमबीर के साथ हादसा हो गया। जिसमें सोमबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। विस्फोट इतना भयानक था कि घटना स्थल पर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने घायल सोमवीर को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से चिकित्सकों ने सोमवीर को दिल्ली के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। अभी सोमवीर की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना के बाद देर शाम पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ व पुलिस अधिकारी भी मौके पर जायजा लिया। पुलिस विभाग की टीम घटना के कारणों को जानने में जुटी हुई है। थाना प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए गहनता से जांच पड़ताल व पूछताछ की है।

■ एसपी पूजा वशिष्ठ भी जांच करने के लिए पहुंची



**महेंद्रगढ़।** विस्फोट में ध्वस्त मकान की जांच करते पुलिस अधिकारी।








# आईपीएल : म्हात्रे, सूर्यवंशी ने उम्र से परे परिपक्वता दिखाकर बिखेरी चमक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रोमांचक मैच को दो रन गंवाने के बाद कहा, 'मुझे आगामी अंडर-19 विश्व कप में उन टीमों के बारे में सोच कर चिंता हो रही है जिन्हें भारत का सामना करना होगा'।

फ्लेमिंग ने यह बात थोड़े चुटीले अंदाज में कही लेकिन आईपीएल के मौजूदा सत्र में वैभव सूर्यवंशी और आयुष महात्रे जैसे युवा सितारों ने उम्र को धता बताते हुए जो निडरता और परिपक्वता दिखाई है उससे भारतीय क्रिकेट का भविष्य काफी मजबूत दिखता है।

### भुवनेश्वर की गेंदों पर लगाए पांच चौके और एक छक्का

महात्रे ने अपनी पारी के दौरान चौथे ओवर में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ पांच चौके और एक छक्का लगाकर प्रभावित किया। उन्होंने इस दौरान कोई भी आड़ा-तिरछा शॉट नहीं खेला। यह उस भरोसे का प्रमाण था जो चेन्नई सुपर किंग्स ने कुछ महीने पहले म्हात्रे को अपने चयन ट्रायल के नेट सत्र के दौरान देखा था। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की चोट ने उन्हें मुंबई के इस खिलाड़ी को चुनने मौका दे दिया।



### महात्रे ने 48 गेंद में बनाए 94 रन

*17 साल के महात्रे ने 48 गेंद में 94 रन की पारी खेल कर आरसीबी के खिलाफ चेन्नई के लिए जीत का मंच तैयार कर दिया था हालांकि उनकी टीम दो रन से पीछे रह गई। महात्रे की इस पारी ने प्रशंसकों को कुछ दिन पहले 14 साल के सूर्यवंशी की 35 गेंद में खेली गई शतकीय पारी की याद दिला दी। महात्रे की पारी से 214 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही चेन्नई को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए सिर्फ 23 रन चाहिए थे।*

### संयमित शॉट से हुआ चयन

चेन्नई की टीम के प्रबंधन के मुताबिक वह ट्रायल में गुजरात के उर्विल पटेल और केरल के सलमान निजार से बहुत आगे थे। फ्लेमिंग ने म्हात्रे को चुनने के पीछे के तर्क को समझाते हुए कहा, 'जब उन्होंने ट्रायल दिया और सत्र के शुरुआती हिस्से में हमारे साथ थे, तो हम उनके कौशल से बहुत प्रभावित हुए थे। उनका संयम काफी प्रभावशाली था। बहुत सारे शॉट लगाने में माहिर होना अच्छी बात है लेकिन दुनिया के बड़े खिलाड़ियों के सामने धैर्य बनाये रखना और टीम की योजना को अंजाम देने में सफल होना काबिले तारीफ है।'

### सूर्यवंशी की बैक लिफ्ट बहुत अच्छी

सूर्यवंशी ने भी कुछ दिन पहले गुजरात टाइटंस के खिलाफ आक्रामक पारी के साथ क्रिकेट जगत के साथ राजस्थान के कोच राहुल द्रविड़ को भी प्रभावित किया था। द्रविड़ ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' के दौरान कहा था, 'उसकी बल्ले की गति बहुत अच्छी है। उसकी बैक लिफ्ट बहुत अच्छी है। गेंद की लेंथ के बारे में निर्णय लेने के मामले में उसका हाथ-आंखों का समन्वय बहुत अच्छा है। वह गेंद की लंबाई को जल्दी भांप कर शॉट खेलता है।'

### दिग्गजों को दोनों युवाओं से निपटना चुनौतीपूर्ण

फ्लेमिंग म्हात्रे और सूर्यवंशी से काफी प्रभावित है। उन्होंने कहा, 'उनके बेखौफ होकर खेलने हुए देखना असाधारण है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप 14, 18 या 21 साल के हैं। हमने जो पारियां खेली हैं, खासकर इन दो युवाओं ने वह बेहतरीन है। यह उम्र से परे उनकी परिपक्वता को दिखाता है। मुझे लगता है कि दुनिया भर के गेंदबाजों के लिए उनके कौशल से निपटना काफी चुनौतीपूर्ण है।'

# आर्यना सबालेंका ने जीता करियर का 20वां खिताब



**मैड्रिड।** विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना तीसरा और करियर का 20वां खिताब जीता। सबालेंका ने पहले सेट में जबरदस्त प्रदर्शन किया और काजा मैजिका क्ले कोर्ट पर अमेरिकी खिलाड़ी को 6-3, 7-6 (3) से हराया। सबालेंका ने 2021 और 2023 में मैड्रिड में खिताब जीता था। इस तरह से उन्होंने पेट्रा क्वितोवा के टूर्नामेंट रिकॉर्ड की बराबरी की। ब्रिस्बेन और मियामी के बाद यह सबालेंका का इस वर्ष का तीसरा खिताब भी है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| कोलकाता | 11 | 5 | 5 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
505 रन
बेंगलुरु

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

### हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली का मैच आज

**हैदराबाद।** अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम घरेलू मैदान पर कमजोर प्रदर्शन से उबरकर सोमवार को यहां निचले हाफ में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स को पिछले मैच में अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 14 हार से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने विरोधियों के मैदान पर बेहतर प्रदर्शन की बदौलत प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## आरआर के कप्तान रियान पराग की 95 रन की पारी बेकार

# अंतिम गेंद पर नहीं बने तीन रन, एक रन से जीता कोलकाता, आंद्रे रसेल बने हीरो

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

प्लेऑफ की उम्मीद लेकर ईडन गार्डन्स पर उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान को आखिरी गेंद पर एक रन से हराया और अपने को टूर्नामेंट में बनाए रखा है। राजस्थान को आखिरी गेंद पर 3 रन की जरूरत थी, लेकिन केकेआर ने नहीं बनाने दिया। 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही। इस सीजन शतक जड़कर इतिहास रच चुके वैभव सूर्यवंशी मात्र 4 रन बनाकर आउट हो गए।

रायल्स के लिए अपने डेब्यू मैच में क्रुणाल सिंह राठौर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए कप्तान रियान पराग और यशस्वी जायसवाल के बीच 31 गेंद पर 58 रन की साझेदारी हुई। मैच में रोमांच तब बढ़ गया, जब जायसवाल 34 रन बनाकर मोईन अली का शिकार बने। इसके बाद वरुण चक्रवर्ती ने तीन गेंद के अंदर ध्रुव जुरेल (0) और वानिंदु हसरंगा (0) का विकेट लेकर केकेआर की तरफ मैच मोड़ दिया।



**रसेल का दिखा दम** रहाणे ने रघुवंशी के साथ मिलाकर 31 गेंद पर 42 रन की साझेदारी की। आंद्रे रसेल को बल्लेबाजी में प्रमोट किया गया और उन्होंने निराश नहीं किया। अंगकृष रघुवंशी (44) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 33 गेंद पर 61 रन की साझेदारी की। इस दौरान रसेल का बल्ला खूब चला। तेज खेलते हुए रसेल ने फिफ्टी पूरी की। रसेल 25 गेंद पर चार चौके और छह छक्को के साथ 57 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर में दो सिक्स और एक चौके के साथ 6 गेंद पर नाबाद 19 रन की तेज पारी खेली। राजस्थान के लिए चार अलग-अलग गेंदबाजों ने एक-एक विकेट चटकाए।

### 92 रन की साझेदारी

एक छोर पर खड़े कप्तान रियान पराग ने मोईन अली के एक ओवर में लगातार पांच छक्कों की मदद से 32 रन कूट कर मैच फिर से राजस्थान की तरफ ला दिया। दूसरे छोर से शिमरन हेटमायर ने भी बखूबी साथ दिया, लेकिन 29 रन बनाकर वह हर्षित राणा का शिकार बने। रियान और हेटमायर के बीच 92 रन की साझेदारी हुई। रियान पराग भी 45 गेंद पर 95 रन बनाकर आउट हो गए और मैच फंस गया।

### एक रन से मिली हार

आखिरी ओवर में राजस्थान को जीत के लिए 22 रन चाहिए था। स्ट्राइक पर शुभम दुबे ने दो सिक्स और एक चौका लगाकर मैच जिताने की कोशिश की लेकिन, आखिरी गेंद पर तीन रन नहीं बन सके और राजस्थान एक रन से मैच हार गई। राजस्थान 205 रन ही बना सकी।

### स्पिन का शिकार हुए रहाणे

*इससे पहले टॉस जीतकर पहले केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। केकेआर की शुरुआत खराब रही। 13 के स्कोर पर नरेन 11 रन बनाकर आउट हुए। दूसरे विकेट के लिए 33 गेंद पर कप्तान रहाणे (30) और रहमानुल्लाह गुरबाज (35) के बीच 56 रन की साझेदारी हुई।*

## स्कोर बोर्ड

| कोलकाता | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज का हेटमायर बो तीक्षणा | 35 | 25 | 4 | 1 |
| सुनील नारायण बो युद्धवीर | 11 | 09 | 1 | 1 |
| अजिंक्य रहाणे का जुरेल बो पराग | 30 | 24 | 1 | 2 |
| रघुवंशी का स्था (ए शर्मा) बो आर्चर | 44 | 31 | 5 | 0 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 57 | 25 | 4 | 6 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 19 | 06 | 1 | 2 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 206/4
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-30-1, युद्धवीर 2-0-26-1, तीक्षणा 4-0-41-1, मधवाल 3-0-50-0, हसरंगा 4-0-35-0, पराग 3-0-21-1.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का रिंकू बो मोईन | 34 | 21 | 5 | 1 |
| सूर्यवंशी का रहाणे बो अरोड़ा | 04 | 02 | 1 | 0 |
| राठौड़ का रसेल बो मोईन | 00 | 05 | 0 | 0 |
| पराग का अरोड़ा बो हर्षित | 95 | 45 | 6 | 8 |
| वानिंदु हसरंगा बो चक्रवर्ती | 00 | 01 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल बो चक्रवर्ती | 00 | 02 | 0 | 0 |
| हेटमायर का नारायण बो हर्षित | 29 | 23 | 1 | 1 |
| शुभम दुबे नाबाद | 25 | 14 | 1 | 2 |
| आर्चर रन आउट (रिंकू/ अरोड़ा) | 12 | 08 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 06, कुल : 20 ओवर में 205/8
**गेंदबाजी :** अरोड़ा 4-0-50-1, मोईन 3-0-43-2, हर्षित 4-0-41-2, चक्रवर्ती 4-0-32-2, नारायण 4-0-27-0, रसेल 1-0-11-0.



# पंजाब जीतकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा

*लखनऊ को 37 रन से हराया*

*प्रभसिमरन ने 91 रन की पारी खेली, अर्शदीप को तीन विकेट*

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

पंजाब किंग्स ने युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (91 रन) के अर्धशतक के बाद अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अहम मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 37 रन से हराकर अपनी प्लेऑफ की दावेदारी मजबूत की। पंजाब किंग्स सात जीत से 15 अंक लेकर तालिका में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (16 रन) से पीछे दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं एलएसजी 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर है। छोटे कद के बल्लेबाज प्रभसिमरन की छह चौके और सात छक्के जड़ित 48 गेंद की पारी से पंजाब किंग्स ने पांच विकेट पर 236 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसमें कप्तान श्रेयस अय्यर ने 45 रन और जोश इंग्लिस ने 30 रन का योगदान दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलएसजी का शीर्ष क्रम विफल रहा जिसमें अर्शदीप (16 रन देकर तीन विकेट) की भूमिका अहम रही जिन्होंने पावरप्ले में तीन विकेट झटके। आयुष बदोनी (74 रन, 40 गेंद, पांच चौके, पांच छक्के) और अब्दुल समद (45 रन, 24 गेंद, दो चौके, चार छक्के) ने छठे विकेट के लिए 81 रन की भागीदारी निभाकर टीम को उबारने की कोशिश की। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और 20 ओवर में सात विकेट पर 199 रन ही बना सकी। बदोनी ने अकेले दम पर मोर्चा संभाले रखा।

## केदारलिंग को पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक

**भोपाल।** सेना के निशानेबाज केदारलिंग बालकृष्ण उचागांवे ने शनिवार को यहां 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके साथी अजय कुमार अंबावत ने रजत पदक हासिल किया। नौसेना के उज्जवल मलिक ने कांस्य पदक जीता। केदारलिंग और अजय दोनों 24 शॉट के फ़ाइनल के अंतिम दो शॉट से पहले 223.6 से बराबरी पर थे। अजय ने हालांकि अपने 23वें शॉट में 10.9 का परफेक्ट स्कोर बनाया जिससे वह 0.7 से आगे हो गए।

अजय ने अंतिम निशाने में केवल 9.6 अंक बनाए जबकि केदारलिंग ने दबाव में 10.6 (244.4) के मजबूत स्कोर के साथ 0.3 से जीत हासिल की। इस स्पर्धा का जूनियर वर्ग का खिताब चंडीगढ़ के धैर्य पराशर ने जीता जिन्होंने फाइनल में 241.6 का स्कोर किया।

## पंजाब में चोटिल मैक्सवेल की जगह ओवेन शामिल



*मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स ने चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिच ओवेन को टीम में शामिल किया है। मैक्सवेल अंगुली में फ्रेक्चर के कारण आईपीएल के बाकी बचे सत्र से बाहर हो गए हैं। इस साल आईपीएल में ऑस्ट्रेलिया के मैक्सवेल का प्रदर्शन काफी खराब रहा और वह सात मैच में केवल 48 रन ही बना सके जिसमें से छह बार वह दोहरे अंक में भी पहुंचने में नाकाम रहे। मैक्सवेल को 26 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश के कारण रद्द हुए मैच के दौरान चोट लगी थी जिसमें वह सात रन बनाकर आउट हो गए थे।*

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एक रोमांचक मैच में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर एकमात्र जीत दर्ज करते हुए दौरे का समापन किया। स्ट्राइकर नवनीत कौर ने पर्थ हॉकी स्टेडियम में 21वें मिनट में मैच विजयी गोल किया। भारत को इससे पहले ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम से 3-5 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था और फिर टीम एक मई और तीन मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से 0-2 और 2-3 से पराजित हो गई थी।

मेहमान टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांचवें और अंतिम मैच में बेहतरीन हॉकी खेली और मेजबान टीम को करीबी मुकाबले में शिकस्त दी। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने दबदबा बनाया और दो पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त किए, लेकिन भारत के मजबूत डिफेंस ने उन्हें पहला गोल करने से रोक दिया। दूसरे क्वार्टर में छह मिनट बाद भारत ने उप-कप्तान नवनीत कौर के मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। नवनीत ने शनिवार को भारत की 2-3 की हार में भी गोल किया था। दूसरे हाफ में दोनों टीमें गोल करने के लिए बेताब थीं लेकिन भारत ने संयम बनाए रखा और बढ़त को सफलतापूर्वक बचाव किया।



## श्रीलंका ने भारत को तीन विकेट से दी मात

**कोलंबो।** श्रीलंका ने रविवार को यहां महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत को तीन विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने नौ विकेट पर 275 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। मेहमान टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष की 48 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत कौर (30), प्रतीका रावल (35) और जेमिमा रोड्रिग्स (37) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इसके जवाब में श्रीलंका ने 49.1 ओवर में सात विकेट पर 278 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। निलाक्षिका सिल्वा ने 56 रन बनाए।

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## शब्द पहेली - 5857




**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -5856 का हल**





**खबर संक्षेप**

### राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जयंती समारोह अब 30 मई को होगा



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि रोहतक जिले के गांव पहरावर में 17 मई को आयोजित होने वाला राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जयंती समारोह अब 30 मई को मनाया जाएगा। यह जानकारी उन्होंने आज चंडीगढ़ स्थित अपने कार्यालय में दी। इस अवसर पर सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार यह समारोह 17 मई को आयोजित होना था, लेकिन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की केंद्र स्तर पर बैठक निर्धारित होने के कारण इसमें बदलाव किया गया है।

### इको-टूरिज्म बढ़ाने के लिए बनाई जा रही जंगल सफारी : राव नरबीर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि बढ़ते प्रदूषण के कारण पर्यावरण सरंक्षण एक वैश्विक चिंता का विषय बनता जा रहा है। इको-टूरिज्म बढ़ाने के लिए जंगल सफारी बनाई जा रही है। पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिए हमें प्रकृति व वन्य जीव सरंक्षण के प्रति संवेदनशील होना होगा। निजी क्षेत्र के साथ-साथ कई नए युवा स्टार्टअप भी प्रकृति व वन्यजीव सरंक्षण में गरी रूचि दिखा रहे हैं, जो कि सरकारी प्रयासों के साथ-साथ एक सराहनीय पहल है। मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों अपने मन की बात कार्यक्रम में वन्य जीवों को बचाने का देशवासियों का आह्वान किया था। इसी कड़ी में हरियाणा वन विभाग अरावली क्षेत्र में जंगल सफारी व ग्रीन वाल प्रोजेक्ट वन जीवों को बचाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर रहा है।

### हुड्डा के कार्यक्रम में शामिल हुए चार सांसद और कई विधायक

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीती रात चंडीगढ़ स्थित एक होटल में पार्टी नेता, सांसदों, विधायकों व मीडिया को रात्रिभोज दिया। इस दौरान पूर्व सीएम व पूर्व नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा समर्थक अधिकांश विधायक, पूर्व विधायक, सांसद मौजूद रहे। इस दौरान सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ में अंबाला सांसद वरुण मुलाना, सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, जेपी सिंह अन्य मौजूद रहे इस दौरान लंबी राजनीतिक चर्चा करते हुए दिखाई दिए। रात्रिभोज के दौरान प्रो. वीरेंद्र सिंह पूर्व राजानीतिक सलाहकार, उधर, कांग्रेस के विधायकों में आफताब अहमद, धर्मपाल मलिक, बीबी बतरा, शंकुतला खटक, पूजा चौधरी, पूर्व विधायक आनंद सिंह दांगी, पूर्व सीपीएस सुल्तान सिंह जडौला, चंद्रप्रकाश सहित कई विधायक शामिल हुए।

### जल संकट पर हस्तक्षेप करे केंद्र सरकार : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने केंद्र सरकार से हरियाणा में बढ़ते जल संकट को लेकर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। साथ ही भाखड़ा बांध से हरियाणा को मिलने वाले जल में हो रही कटौती पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। सांसद ने सुझाव दिया है कि हरियाणा को मिलने वाले जल हिस्से में न्यूनतम 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए। सांसद सैलजा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल को पत्र लिखकर प्रदेश में बढ़ रहे जल संकट को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि पानी देने में पंजाब मनमानी कर रहा है जबकि हरियाणा में जल संकट काफी गंभीर बना है। जल संकट को लेकर केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा है कि जल समझौते के अनुसार भाखड़ा बांध से हरियाणा को पानी दिलाया जाए। सैलजा ने पत्र में लिखा है कि भाखड़ा बांध के तहत हरियाणा को 9500 क्यूसेक जल मिलने का अधिकार है, लेकिन पंजाब सरकार की ओर से निरंतर इसमें कटौती की जा रही है।

# महिला आयोग ने लिया संज्ञान, अस्पताल में घटना हुई तो संचालक जिम्मेदार होगा

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश में भले सरकारी अस्पताल हों या फिर निजी क्राइम की बढ़ती घटनाओं ने अफसरों की चिंता बढ़ा दी हैं। सरकारी अस्पतालों में आए दिन क्राइम का ग्राफ बढ़ रहा है, साथ ही बच्चा चोरी, महिलाओं के विरुद्ध अपराध की घटनाएं हो रहीं हैं। इस तरह के निजी और सरकारी अस्पतालों के मामलों को लेकर हरियाणा महिला आयोग की चेयरमैन ने कड़ा संज्ञान लिया, साथ ही अस्पताल संचालकों को खासतौर पर महिला सुरक्षा के मामले में खास ध्यान रखने की हिदायत दी है। उन्होंने मेदांता में एयर होस्टेस के साथ में हुई घटना के अलावा बच्चा चोरी जैसे मामलों को भविष्य में रोकने के लिए नए नियम बनाए जाने और महिला सुरक्षा कड़ी किए जाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। राज्य महिला आयोग की चेयरमैन रेणु भाटिया ने अस्पतालों में होने वाली घटनाओं को लेकर गंभीरता दिखाई है। उन्होंने निजी और सरकारी दोनों ही स्थानों पर महिला सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने की हिदायत जारी की है। उन्होंने साफ कर दिया है कि निजी अस्पताल में मरीज हो या फिर स्टाफ कोई घटना हुई, तो अस्पताल की जिम्मेदारी होगी, इसलिए इस तरफ खास ध्यान रखना होगा।

## अस्पतालों में बढ़ रही घटनाओं ने बढ़ाई चिंता

### महिला सुरक्षा के लिए बना रहे कड़े नियम : रेणू भाटिया



रेनू भाटिया, चेयरपर्सन, हरियाणा महिला आयोग


*हरियाणा के निजी अस्पतालों में महिला सुरक्षा को लेकर कड़े नियम बनाए जा रहे हैं, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना अस्पताल संचालकों का पूरी तरह से दायित्व होगा। हरियाणा महिला आयोग चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने साफ कर दिया है कि भले ही अस्पताल सरकारी हो या फिर निजी सभी में महिला सुरक्षा को लेकर उनका खास ध्यान है। भाटिया ने अस्पतालों में महिला मरीजों के साथ बढ़ रही आपराधिक घटनाएं बहुत ही गंभीर बात है, अगर महिला अस्पताल में भी सुरक्षित नहीं है, तो कहां सुरक्षित होंगी। उन्होंने कहा कि वे लगातार घटनाओं को को लेकर पुलिस अफसरों और प्रदेश के डीजीपी से चर्चा कर चुकी हैं। कई मामलों में हमनेअस्पताल प्रबंधन से जवाब भी मांगा है। प्रबंधन ने यह आश्वस्त किया है कि महिलाओं सुरक्षा के मद्देनजर वे हर कदम उठाने का काम करेंगे। इसके साथ ही नियम भी बनाए जा रहे हैं, जो सभी छोटे और बड़े अस्पतालों के लिए समान होंगे। रेणु भाटिया ने कहा कि पिछले दिनों अस्पताल में हुए बच्चा चोरी के मामले पर संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई कराई। इस बात का परिणाम यह है कि बच्चा चोरी गैंग जेल में है। अस्पतालों में महिला सुरक्षित रहे चाहे वह अस्पताल के स्टाफ से हो या फिर मरीज सभी की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।*

### एयर होस्टेस मामले में हर कोई हैरान

यहां पर याद दिला दें कि गुरुग्राम में एयर होस्टेस की स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान पानी चला जाने से तबीयत खराब हो गई थी। एयर होस्टेस को तुरंत ह इलाज के लिए गुरुग्राम के एक नामी गिरामी अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद महिला ने ना पुलिस को शिकायत देकर कहा था कि जब वह वेंटीलेटर पर थी, उस दौरान उसके साथ में अस्पताल स्टाफ ने यौन उत्पीड़न किया था। इस मामले में पुलिस ने 800 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने के बाद लैब टेक्नीशियन को गिरफ्तार कर लिया था। उक्त मामले में भी हरियाणा महिला आयोग ने भी संज्ञान लिया और सख्त से सख्त कार्रवाई की हिदायत पुलिस को दी थी। खुद चेयरमैन ने सीपी गुरुग्राम से इस मामले में लंबी चर्चा की थी।

### अस्पतालों की सुरक्षा को लेकर खास हिदायतें : डीजी हेल्थ

प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर डीजी हेल्थ (वन) डा. मनीष बंसल का कहना है पूरे प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, डिस्पेंसरी सभी जगह पर वहां की मरीज और स्टाफ क्षमता के हिसाब से गार्ड आदि लगाए गए हैं। बंसल का कहना है कि बच्चा चोरी आदि की घटनाओं को लेकर खासतौर पर महिलाओं को समझाया जाता है कि किसी भी अजनबी के साथ में ज्यादा विश्वास नहीं करें, ना ही इस तरह के लोगों के जिम्मे बच्चे को छोड़ें। इसके अलावा अन्य घटनाओं को लेकर हम समय-समय पर पुलिस को सूचित कर कार्रवाई कराते हैं।



### चंडीगढ़ पहुंचे मनोहर लाल, सीएम ने किया स्वागत

**चंडीगढ़।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल रविवार को चडीगढ़ पहुंचे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर पहुंचने पर उनका स्वागत किया। दरअसल 5 मई को केंद्रीय मंत्री व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन है। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई हैं। उनका जन्मदिन धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्र को समर्पित भावना से ओत प्रोत होगा। मुख्यमंत्री के प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने बताया कि 5 मई को शक्तिपीठ मां जयंती देवी मंदिर के प्रांगण में शहर के श्रद्धालुओं द्वारा हवन करेंगे।

## सीएम का फर्जी ओएसडी पकड़ा फोन पर एसडीओ को धमकाया था

**गुरुग्राम।** सेक्टर-56 थाना की पुलिस टीम ने हरियाणा के मुख्यमंत्री का फर्जी ओएसडी बनकर बिजली बोर्ड के एसडीओ को फोन करने वाले आरोपी को बीते शनिवार नाथूपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयोग किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। आरोपी की पहचान अमित चौधरी (39 वर्ष) निवासी नाथूपुर के रूप में हुई है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह अक्सर खुद को समाज में राजनीतिक प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करता है। अमित चौधरी के एक जानकार ने एक प्लाट के पास बिजली के खंभों को हटवाने के लिए कहा था। अमित ने खुद का राजनीतिक प्रभाव दिखाने के लिए मुख्यमंत्री का ओएसडी बताकर बिजली निगम के एसडीओ के मोबाइल पर कॉल करके धमकाया था। आरोपी ने ट्रू कॉलर मोबाइल एप पर खुद की प्रोफाइल फर्जी बनाई हुई है। आरोपी पहले भी खुद को राजनीतिक प्रभावशाली बताकर किसी व्यक्ति को पेट्रोल पंप दिलवाने के नाम पर 57 लाख की ठगी में जेल जा चुका है।

### मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी की बैठक में लिया एक्शन

# सीएम ने चीफ इंजीनियर को सस्पेंड किया बिना काम किए ठेकेदार को कर दी पेमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को फरीदाबाद में मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एफएमडीए) की मीटिंग में नगर निगम के पूर्व चीफ इंजीनियर बीके कर्दम को सस्पेंड कर दिया है। बीके कर्दम ने अमृत योजना के ठेकेदार को बिना काम के एडवांस पेमेंट की थी। इस मामले में कर्दम को चार्जशीट भी किया था। सीएम सैनी ने कर्दम के खिलाफ पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के भी आदेश दिए।

बता दें कि कर्दम फिलहाल हिसार में नगर निगम के चीफ इंजीनियर के पद पर तैनात थे। गौर करने लायक है कि कुछ महीने पहले शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने ओल्ड फरीदाबाद में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की थी। इस दौरान चल रहे कार्यों में कई प्रकार की अनियमितताएं देखने को मिलीं। जांच की तो पता चला कि कई स्थानों पर काम को अधूरा छोड़कर बंद कर दिया गया था, जबकि कुछ जगहों पर कार्य सही तरीके से नहीं किया जा रहा था। इस समीक्षा के दौरान बीके कर्दम की लापरवाही सामने आई थी।




### मुख्यमंत्री ने एफएमडीए का 773.24 करोड़ रुपये के बजट को दी मंजूरी

**बिजेन्द्र शर्मा/ फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि फरीदाबाद में जलापूर्ति बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक बुनियादी ढांचे की स्थापना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मिर्जापुर जोन में सीवरेज संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 20 एमएलडी का नया एसटीपी भी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने यह बात आज फरीदाबाद में आयोजित फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) की छठी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक के दौरान बुनियादी ढांचे और नागरिक सुधार की गति को तेज करने के लिए लगभग 773.24 करोड़ रुपये के विकास बजट को मंजूरी दी गई। बैठक में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर,बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मूलचंद शर्मा, एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतीश फागना, बड़खल विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनेश अदलखा व फरीदाबाद की मेयर प्रवीण बत्रा जोशी मौजूद रहे।

### विकास कार्यों में तेजी लाएं

विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। एफएमडीए की पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को सार्वजनिक सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को और बेहतर बनाने के लिए सीसीटीवी निगरानी परियोजना के तीसरे चरण से पहले दूसरे चरण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। शहर में सीवरेज व्यवस्था में सुधार के लिए मुख्यमंत्री ने गांव बादशाहपुर में नए 45 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और मुख्य पंपिंग स्टेशन (एमपीएस) का तेजी से निर्माण करने के निर्देश दिए।

### माइक्रो एसटीपी लगाने को मंजूरी

बैठक में उपलब्ध ताजे जल संसाधनों और ग्राउंड वाटर क्षमता के संरक्षण के लिए एफएमडीए 234 पार्कों और 24 सेक्टरों में फैले 349 एकड़ से अधिक ग्रीन बेल्ट एरिया में उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। साथ ही इंडस्ट्री में भी इस पानी के इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए। इसके तहत 500 केएलडी प्रत्येक के 12 माइक्रो एसटीपी विकसित करने का प्रस्ताव है, जो पार्कों और ग्रीन बेल्ट की जल आवश्यकता को पूरा करेगा। इससे लगभग 6 एमएलडी ताजा पानी की बचत होगी और यह एक स्थायी समाधान प्रदान करेगा।

### एसजीपीसी के 9 सदस्य चुनने पर असमंजस, सदस्य बोले सरकार ही चुने

- मनोहर लाल, नायब सैनी के साथ चल रहा मंथन
- नए नियम के तहत ग्रुप बनाकर चुनाव की संभावना

**चंडीगढ़।** निर्वाचित एसजीपीसी सदस्यों को रविवार चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आमंत्रित किया था। रविवार को दोपहर भोज के बाद में वार्ता का दौर चला और इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सभी सदस्यों से पूरे मामले में कहा कि खुद सभी लोग आपस में 9 सदस्यों को चुन लें। लेकिन इस दौरान सदस्यों ने कहा कि सरकार की तरफ से ही नौ सदस्यों को चुनने की प्रक्रिया पूरी करा दी जाए। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के 9 सदस्यों के चयन पर मुख्यमंत्री निवास में कई दौर का मंथन चल रहा है। जिसमें दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सैनी और एसजीपीसी के सभी निर्वाचित 40 सदस्य भी शामिल हुए हैं। अब तक 9 सदस्यों को चुनने को लेकर सदस्यों में असमंजस के हालात बने हुए हैं। देर शाम तक इस असमंजस को दूर करने के लिए हरियाणा विधानसभा में सदस्यों की वार्ता का दौर चल रहा है। बताया जा रहा है कि सभी सदस्यों को आपस में नए नियम के तहत ग्रुप बनाकर सदस्यों को चुनने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी, जिसके बाद में कमेटी का चयन किया जाएगा।

## हरियाणा और पंजाब 'नूराकुश्ती' बंद करे दोनों में राजनीतिक मिलीभगत : रणदीप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सरकार और पंजाब के सीएम मान को 'नूराकुश्ती' बंद करने की अपील की है, साथ ही दोनों में राजनीतिक मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। सुरेजवाला ने कहा कि मनोहरलाल राजधर्म निभाकर हरियाणा को पानी का हक दिलवाएं। प्रधानमंत्री संविधान की धारा 257 में पंजाब को आदेश जारी करें और हरियाणा का पानी दिलाएं। रणदीप सुरजेवाला ने बोला हमला, मोदी सरकार भाखड़ा-नंगल डैम परियोजना की सुरक्षा सीआईएसएफ के हवाले करे और भारत सरकार भाखड़ा-नंगल डैम से पंजाब पुलिस का नाजायज कब्जा छुड़वाए। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सुरजेवाला ने चंडीगढ़ में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भगवंत मान और नायब सैनी पर जोरदार हमला बोला।

### भाखड़ा का पानी घटाया, प्रदेश में पानी की किल्लत



सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश भयंकर जल संकट से त्राहिमाम है। भाखड़ा का पानी 8,500 क्यूसेक से घटाकर 4,000 क्यूसेक कर दिया गया है। पूरे हरियाणा में पेयजल की भयंकर किल्लत है। 215 जलघर पूरी तरह सूख चुके हैं और 10 जिलों, मुख्यतः कैथल, कुरुक्षेत्र, जींद, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, दादरी, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ में गंभीर जल संकट है। भीषण गर्मी में गांव के तालाब भी लगभग सूख गए हैं।

### संविधान के खिलाफ पंजाब सरकार

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी रोकने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। यह फैसला संविधान और सिस्टम के खिलाफ है। यह फैसला दिल्ली की हार की निराशा में लिया गया फैसला है। बहादुरगढ़ में पत्रकारों से बता करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा के साथ साथ दिल्ली का पानी भी प्रभावित हुआ है जिसके कारण पानी का संकट भी खड़ा हो रहा है। भगवंत मान को राजनीति नहीं, मानवता के हित को आगे रखकर फैसला लेना चाहिए।

## आम आदमी पार्टी ने संगठन विस्तार और आगामी रणनीति पर चर्चा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़




पानीपत/चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को पानीपत में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने की। डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने संगठन विस्तार, आगामी रणनीति और प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से बीजेपी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में संगठन को और मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने, नए नेताओं को जोड़ने, और हरियाणा के सभी जिलों में पार्टी की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही, बीजेपी सरकार की विफलताओं, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, और बढ़ते भ्रष्टाचार पर आलोचना की गई।

### महिलाओं और बच्चों के लिए विभाग ने उठाया अहम कदम

# कुपोषण और एनीमिया खत्म करेगी टास्क फोर्स स्कूलों, पंचायती भूमि पर बनेंगी 'पोषण वाटिकाएं'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में महिलाओं व बच्चों में कुपोषण और एनीमिया को खत्म करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कार्यक्रमों की निगरानी और समन्वय के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इस कार्य बल में स्वास्थ्य, आयुष, शिक्षा तथा महिला एवं बाल विकास विभागों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सभी हस्तक्षेपों का प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए हर पखवाड़े टास्क फोर्स की बैठक होगी। यह निर्णय मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में पोषण अभियान के तहत राज्य अभिसरण (कन्वर्जेंस) समिति की छठी बैठक में लिया गया। इसके अलावा, राष्ट्रीय सुपोषित पंचायत अभियान के तहत, प्रदेश में समन्वित प्रयासों से कुपोषण को कम करने के लिए ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित किया जाएगा। आहार विविधता को बेहतर बनाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, पंचायती भूमि और सामुदायिक स्थानों पर 'पोषण वाटिकाएं' (पोषण उद्यान) बनाने की योजना बनाई गई है। बागवानी और आयुष विभाग पौधे, बीज (औषधीय पौधों सहित) उपलब्ध करवाने के साथ-साथ तकनीकी सहायता भी प्रदान करेंगे। बागवानी विभाग द्वारा सड़क किनारे फलों के पौधे भी लगाए जाएंगे।

### भोजन की गुणवत्ता का सोशल ऑडिट होगा



महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने बताया कि अभियान के तहत गांव स्तर पर पोषण पंचायतों की स्थापना भी शामिल है। ग्राम पंचायतों के तहत 10-15 महिलाओं की उप-समितियां बनाई जा रही हैं। इन उप-समितियों की हर महीने बैठक होगी। ये एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आईसीडीएस) की निगरानी करेंगी, भोजन की गुणवत्ता का सोशल ऑडिट करेंगी, आंगनवाड़ी केंद्रों में मौके पर जाकर जांच करेंगी और गांव के स्वास्थ्य कार्यक्रमों में भाग लेंगी। पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रत्येक पंचायत द्वारा मरम्मत के लिए प्रति आंगनवाड़ी केंद्र 25 हजार रुपये तक आवंटित किए जाएंगे।

### कम हो रहा कुपोषण



सुधीर राजपाल ने बताया कि प्रदेश में पोषण अभियान के तहत सरकार के केंद्रित प्रयासों के फलस्वरूप पोषण परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। कम वजन वाले बच्चों का अनुपात 29.4 प्रतिशत से घटकर 21.5 प्रतिशत रह गया है और बौनापन 34 प्रतिशत से घटकर 27.5 रह गया है।

### फोर्टिफाइड दूध हो



मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना के तहत फोर्टिफाइड दूध के वितरण को सुव्यवस्थित करने के लिए, ऑनलाइन प्रबंधन सूचना प्रणाली शुरू की गई है। इस प्रणाली से बच्चों और गर्भवती या स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए फोर्टिफाइड दूध की आपूर्ति और मांग पर नजर रखी जाएगी।

### तेल को फोर्टिफाइड करना अनिवार्य करें

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग को निर्देश दिए गए कि वह राज्य में बेचे जाने वाले चावल, गेहूं और सरसों के तेल को फोर्टिफाइड करना अनिवार्य बनाने की संभावना तलाशे। वर्ष 2025-26 के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को कन्वर्जेंस एक्शन प्लान प्रस्तुत किया गया है।

## पंचकूला और कालका में दस मई को लगेंगी लोक अदालतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), पंचकूला अपर्णा भारद्वाज ने बताया कि वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को जिला न्यायालय परिसर, पंचकूला के साथ-साथ कालका न्यायालयों में भी आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य समझौता और आपसी सहमति के माध्यम से लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण और शीघ्र निपटान के लिए एक मंच प्रदान करना है। ये अदालतें न्यायालयों पर बोझ को कम करने और सभी के लिए न्याय को सुलभ और सस्ता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। लोक अदालत प्रभावी और सुचारू संचालन के लिए पंचकूला और कालका में न्यायालय परिसर में आठ समर्पित बेंचों का गठन किया जाएगा। ये पीठें विभिन्न प्रकार के सिविल, क्रिमिनल कम्पाउंडेबल, बैंक रिकवरी, एमएसीटी (मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण), वैवाहिक, चेक बाउंस तथा अन्य प्री-लिटिगेशन और वैकल्पिक विवाद समाधान के माध्यम से निपटान के लिए उपयुक्त लंबित मामलों की सुनवाई करेंगी। सक्रिय कदम उठाते हुए, डीआरओ को लोक अदालत के माध्यम से अधिकतम संभव म्यूटेशन और राजस्व संबंधी मामलों का निपटान करने का निर्देश दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर विवादों को सुलझाना और नागरिकों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को शीघ्र राहत सुनिश्चित करना है।

### हेल्प डेस्क बनाए

वादियों और आम जनता की सहायता के लिए दो हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं- एक जिला न्यायालय परिसर, पंचकूला के प्रवेश द्वार पर और दूसरा डीसी कार्यालय भवन में। इन हेल्प डेस्कों पर पैरा लीगल वालंटियर्स (पीएलवी) तैनात किए जा रहे हैं, जिन्हें लोक अदालत में स्वीकार्य मामलों के प्रकारों के बारे में व्यक्तियों को मार्गदर्शन करने, कागजी कार्रवाई में सहायता करने और उन्हें उचित बेंचों तक निर्देशित करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। भारद्वाज ने बताया कि आगामी लोक अदालत में ट्रैफिक चालान का निपटारा किया जाएगा।

चिंतन

# आतंकवाद के प्रायोजकों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी

पहलगाम की आतंकी घटना के बाद से आतंकवाद के प्रायोजकों के खिलाफ भारत की ओर से कड़े एक्शन जारी हैं। इस कड़ी में सरकार ने बगलिहार बांध के जरिये चिनाब नदी का पानी रोक दिया है, इससे चिनाब में पाकिस्तान की ओर बहाव कम हो गया है। इससे पाकिस्तान में कृषि और पर्यावरण दोनों पर असर पड़ेगा। सरकार झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को लेकर भी कड़ा कदम उठाने की योजना बना रही है। जम्मू के रामबन में बगलिहार जलविद्युत बांध और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा जलविद्युत बांध भारत को पानी छोड़ने के समय को विनियमित करने की क्षमता है। पाकिस्तान की जल-आधारित अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार सिंधु नदी सिस्टम है। इसकी मदद से पाकिस्तान 93 फीसदी पश्चिमी नदियों के पानी का इस्तेमाल करता है। 80 फीसदी कृषि भूमि इसी जल पर निर्भर है। लाखों लोगों की रोजी-रोटी, शहरों का जल आपूर्ति नेटवर्क और हाइड्रो पावर उत्पादन इसी प्रणाली पर टिका है। पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ (द रेजिसटेंस फ्रंट) ने ली थी, टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है, जो जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशनल है। पहलगाम हमले में जिन आतंकियों के स्कैच जारी हुए, उनमें से दो पाकिस्तानी बताए गए। बेशक पाकिस्तान ने पहलगाम हमले में अपना हाथ नहीं होने की बात कही है, लेकिन हर सबूत पाकिस्तान की तरफ ही इशारा कर रहे हैं। पाक फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई की करतूतों के बारे में पाकिस्तान की सरकार को भी पता है। पाक एस्टाब्लिशमेंट पाकिस्तान की सरकार से जुदा 'सुपर सरकार' है। भारत आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ आतंक के साजिशकर्ताओं के खिलाफ भी एक्शन ले रहा है। अब तक सरकार ने सिंधु जल संधि को निलंबित किया है, अटारी व वाघा सीमा को बंद किया है, पाकिस्तानियों के वीजा को रद किया है, पाक उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 30 तक सीमित की है, घाटी में आतंकवादियों के घर ध्वस्त किए गए हैं, सार्क वीजा सुविधा समाप्त कर पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए समय सीमा तय कर दी। पाक से आयात पर रोक लगा दी गई। 14 पाक यूट्यूब चैनल बंद कर डिजिटल स्ट्राइक कर दी गई, पाक पीएम, कई क्रिकेटर, सिनेमा कलाकारों के यूट्यूब चैनल व इंस्टा अकाउंट व एक्स हैंडल बंद कर दिए गए। भारत ने अपना बंदरगाह पाक जहाजों के लिए बंद कर दिया। हवाई क्षेत्र का प्रयोग बंद कर दिया गया। आईएमएफ से पाकिस्तान को कर्ज देने की समीक्षा करने के लिए कहा गया। पाकिस्तान को एफएटीएफ एक बार फिर ब्लैक सूची में डाल सकता है। ये सभी एक्शन छोटे जरूर लग रहे हैं, लेकिन इसकी मारक क्षमता काफी अधिक है। इससे खस्ताहाल पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंचेगी। यह पाकिस्तान सरकार को पता है। इसलिए भारत के अब तक एक्शन से बौखलाए पाकिस्तान ने बार बार परमाणु धमकी की चेतावनी दे रहा है, तो एलओसी पर लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। भारत लगातार करारा जवाब भी दे रहा है। विश्व जनमत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षमंत्री राजनाथ सिंह ने बार बार देश को आश्वस्त किया है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों व साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। विपक्ष सरकार के साथ है। सरकार आतंकवाद को खाद-पानी देने वालों पर वार दर वार कर रही है, लेकिन आतंकवाद के सफाए के लिए उसके स्पॉन्सरों (प्रायोजकों) पर वज्र प्रहार जरूरी है।

# पाक को कश्मीरी जनाक्रोश से दें जवाब



पहलगाम हमला
राज कुमार सिंह

पहलगाम हमले के विरुद्ध कश्मीर की मुखर प्रतिक्रिया ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दे दिया है। कश्मीर की आजादी के नाम पर दशकों से अलगाववाद और आतंकवाद का खेल खेल रहे पाकिस्तान को पहली बार अपना यह दांव उलट पड़ता दिख रहा है। पंजाब के उस अनुभव से सीखते हुए जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद के विरुद्ध मुखर जन आक्रोश को पुलिस-प्रशासन के साथ समर्थन और सहयोग में तब्दील करने की रणनीति बनायी जानी चाहिए। दशकों से आतंकवाद से रक्त रंजित कश्मीर अब शांति और सौहार्द के साथ राष्ट्रीय मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छाशक्ति का संकेत दे रहा है, जिसे समझ कर सकारात्मक प्रत्युत्तर देने में अब विलंब नहीं होना चाहिए।

भले ही पहलगाम आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक में किसी भी जवाबी कार्रवाई के लिए नरेंद्र मोदी सरकार को विपक्ष के समर्थन के बीच अब परस्पर आरोप-प्रत्यारोप की दलगत राजनीति शुरू हो गयी हो, लेकिन कश्मीर ने पाकिस्तान को दो टूक जवाब दे दिया है कि उसे आतंकवाद नहीं चाहिए। इस जवाब की गूंज सीमा पार के षड्यंत्रकारियों समेत पूरी दुनिया ने सुनी होगी। पहलगाम आतंकी हमले पर सीमावर्ती संवेदनशील जम्मू-कश्मीर में मुखर हुए इस समर्थन को हमें पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में महत्वपूर्ण हथियार बनाना चाहिए। पहलगाम में 26 पर्यटकों की धार्मिक पहचान पूछ कर बर्बर हत्या पर जवाबी कार्रवाई तय है। बस उसके समय, स्थान और तरीके पर फैसला होना है।

प्रधानमंत्री सेना को उसकी रणनीति के मुताबिक कार्रवाई की खुली छूट दे चुके हैं। बेशक धूर्त चीन की पाकपरस्त चालें चिंता बढ़ा रही हैं, पर उच्च स्तरीय बैठकों का सिलसिला बताता है कि जवाबी कार्रवाई अब दूर नहीं है, लेकिन उससे पहले ही पहलगाम हमले के विरुद्ध कश्मीर की मुखर प्रतिक्रिया ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दे दिया है। कश्मीर की आजादी के नाम पर दशकों से अलगाववाद और आतंकवाद का खेल खेल रहे पाकिस्तान को पहली बार अपना यह दांव उलट पड़ता दिख रहा है। बैसरन घाटी में पर्यटकों को धार्मिक पहचान पूछ कर मारने के पीछे पाकपरस्त आतंकियों की साजिश भारत में सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने की भी थी, लेकिन न सिर्फ वहां कश्मीरी मुस्लिम ही हिंदू पर्यटकों के बचाव के लिए आगे आये, बल्कि कश्मीरी छात्रों से दुर्व्यवहार की छिटपुट दुखद घटनाओं के अलावा शेष देश ने भी बेहद संयमित और परिपक्व व्यवहार का परिचय दिया। शायद ही किसी ने यह अपेक्षा की होगी कि आतंकी हमले की निंदा करते हुए कश्मीर की मस्जिदों से मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, लेकिन ऐसा हुआ। अकसर अलगाववादियों और आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति जताने वाले ऑल पार्टी हुर्रियत कान्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने भी पहलगाम हमले की निंदा की और मृतकों के परिजनों के प्रति संवदेना जतायी तो पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी कहा कि इस हमले पर कश्मीरी शर्मिंदा हैं।

जाहिर है, यह कश्मीर के जन मानस में आ रहे बदलाव का ही परिणाम रहा। यह अलग बात है कि आतंकियों को स्थानीय मदद के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की टिप्पणी पर अब सत्तारूढ़ नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी में आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू हो गया है। दरअसल दशकों से सीमा पार प्रायोजित आतंक का दंश झेल रहे कश्मीर में पहली बार आतंक का ऐसा मुखर विरोध दिखा कि कश्मीरियों ने बाकायदा कैंडल मार्च निकाले। पहली बार ही जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र बुला कर पहलगाम हमले की निंदा करते हुए दो टूक शब्दों में संदेश दिया गया कि कश्मीर और भारत एक ही हैं। कश्मीर के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर पहलगाम हमले की निंदा करते हुए उसे भारत की आत्मा पर हमला करार दिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का भावुक भाषण भी देश और दुनिया में चर्चा में है। हालांकि जम्मू-कश्मीर के नये शासकीय ढांचे में सुरक्षा व्यवस्था में निर्वाचित



राज्य सरकार की ज्यादा भूमिका नहीं है। दरअसल सुरक्षा संबंधी बैठकों में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को बुलाया तक नहीं जाता। फिर भी उन्होंने विधानसभा में कहा कि मेजबान के नाते पर्यटकों की सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी थी, मृतकों के परिजनों से क्या कहूं, माफी के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। राजनेता अकसर आपदा में अवसर तलाशने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन ऐसे मौके पर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करने से इनकार करते हुए उमर ने कहा कि मेरी सियासत इतनी सस्ती नहीं है। बेशक अतीत के घटनाक्रम के मद्देनजर कश्मीर के ज्यादातर राजनेताओं की विश्वसनीयता संदेह और सवालों के घेरे में रही है, लेकिन पहलगाम के शोक और आतंकवाद के विरुद्ध आक्रोश में शेष देश के साथ शरीक हो कर उमर और कश्मीर ने नयी सुबह का संदेश दिया है। जिस कश्मीर के कुछ लोगों पर पाकिस्तान से मिलीभगत और आतंकवादियों से सहानुभूति के आरोप लगते रहे, चंद रुपये के लिए सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी के लिए युवा आगे आते रहे, उसी कश्मीर में पहलगाम हमले के बाद तीन दिन तक बंद का माहौल रहा। बंद ज्यादा महत्वपूर्ण इसलिए भी रहा क्योंकि उसका आह्वान किसी राजनीतिक दल या संगठन ने नहीं किया था। बंद पूरी तरह स्वतःस्फूर्त था। उमर अब्दुल्ला ने कहा भी कि आतंक के विरुद्ध कश्मीरी खुद सड़कों पर उतरे हैं, इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं। एक और महत्वपूर्ण बात उमर ने यह कही कि बंदूक से आतंकवाद को कंट्रोल तो किया जा सकता है, खत्म नहीं किया जा सकता। खत्म तब होगा, जब लोग हमारे साथ होंगे, अब लोग वहां पहुंच रहे हैं।

दरअसल आम कश्मीरी भी पाकिस्तान और उसके पालतू आतंकवादियों से तंग आ गया है। उनकी करतूतों से पर्यटन समेत अर्थव्यवस्था और जनजीवन तो बर्बाद हो ही चुके हैं, धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर और कश्मीरियों की छवि भी खराब हुई है। पंजाब का अनुभव भी बताता है कि स्थानीय जन समर्थन और सहयोग के बिना अलगाववाद और आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता। वह समर्थन और सहयोग तभी मिलता है, जब स्थानीय निवासी आतंकियों की हरकतों से तंग आकर मुखर होने लगते हैं और पुलिस-प्रशासन में उनका विश्वास बहाल होने लगता है। पंजाब में आतंकवाद 1990 तक बड़ी चुनौती बना हुआ था, लेकिन एक बार जब आतंकियों की करतूतों से तंग जनता मुखर हुई और पुलिस-प्रशासन से सहयोग करने लगी तो 1995 आते-आते आतंकवाद दम तोड़ गया। विदेशों में बैठे आतंकी और उनके आका जब-तब कुछ हरकत करने की कोशिश करते हैं, लेकिन पंजाब में अब उनके लिए कोई जमीन नहीं बची। पंजाब से आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने में तत्कालीन पुलिस-प्रशासन ने भी जनता का विश्वास हासिल करते हुए बड़ी भूमिका निभायी। पंजाब के उस अनुभव से सीखते हुए जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद के विरुद्ध मुखर जन आक्रोश को पुलिस-प्रशासन के साथ समर्थन और सहयोग में तब्दील करने की रणनीति बनायी जानी चाहिए। अलगाववाद और आतंकवाद के विरुद्ध कश्मीर में जमीनी लड़ाई में वहां के युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जिन्हें बेहतर शिक्षा और कैरियर संभावनाएं चाहिए, पर जम्मू-कश्मीर की निर्वाचित उमर अब्दुल्ला सरकार पर केंद्र सरकार के विश्वास के बिना वह संभव नहीं हो पायेगा। पंजाब में भी अलगाववाद और आतंकवाद का समूल नाश तभी हो पाया, जब केंद्र और राज्य सरकार ने बेहतर समन्वय के साथ हर मोर्चे पर कार्रवाई की। दशकों से आतंकवाद से रक्त रंजित कश्मीर अब शांति और सौहार्द के साथ राष्ट्रीय मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छाशक्ति का संकेत दे रहा है, जिसे समझ कर सकारात्मक प्रत्युत्तर देने में विलंब नहीं होना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

दो टूक
एस.एन वर्मा



# भगदड़ से हो रही मौतों का सिलसिला रुके

पिछले कुछ वर्षों में देश-विदेशों में भगदड़ की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। भारत में भगदड़ की घटनाएं सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों पर हुई हैं। इसके अलावा रेलवे स्टेशनों कथा वाचकों व राजनेताओं के भाषण के दौरान भी मची भगदड़ के कारण होने वाली मौतों की खबरें भी सामने आती रहती हैं, जिसका दृश्य हृदय विदारक तथा दिल को झकझोर देने वाला होता है। जबकि विदेशों में म्यूजिक कंसर्ट, स्टेडियम और नाइट क्लबों में भगदड़ की घटनाएं सुनने को मिलती हैं। पर्यटक स्थलों पर भीड़ और पर्यटकों के आगमन के प्रबंधन सहित पर्यटकों की सुरक्षा और हिफाजत मुख्य रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है,वहीं निजी और धार्मिक कार्यक्रमों में भीड़ को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी आयोजकों और स्थानीय प्रशासन की होती है। लेकिन समुचित सुरक्षा व्यवस्था के न होने तथा भीड़ प्रबंधन तंत्र की नासमझी के कारण भगदड़ मचती रहती है। भारत में धार्मिक स्थलों पर भगदड़ किसी विशेष पूजा या उत्सव के दौरान मचती है जब भीड़ अनियंत्रित हो जाती है,श्रद्धालु सीढ़ियों पर या पूजा स्थलों पर गिर जाते हैं। पिछले वर्ष एक बाबा के प्रवचन के दौरान तो आशीर्वाद लेने की होड़ में भीड़ अनियंत्रित हो गयी और इससे मची भगदड़ में सौ से ज्यादा लोागों की मृत्यु हो गयी थी। ताजा उदाहरण गोवा के शिरगांव में श्री लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात मची भगदड़ है जिसमें करीब 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। शुक्रवार शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जात्रा में शामिल होने मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान के सामने बिजली के तार से करंट लगने के बाद कुछ लोग गिर गए। तभी अफरा-तफरी हुई और भगदड़ मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से हादसा हुआ। पिछले महीनों ही कुंभ मेला तथा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ भी इसके खासे उदाहरण हैं। भगदड़ के अनेक उदाहरण हैं, सबका वर्णन करना यहां संभव नहीं है। भगदड़ का तात्पर्य एक ऐसी स्थिति से है, जिसमें किसी अवसर पर मनुष्य अनियंत्रित तरीके से एक ही दिशा में किसी डर अथवा भय के कारण तेजी से भागते हैं। भागने वालों का लक्ष्य उस स्थान से दूर जाना होता है, रास्ते की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती है और न ही उन्हें इस बात का पता होता है कि उन्हें भागकर कहां तक पहुंचना है। इस अनियंत्रित भागदौड़ की स्थिति को ही भगदड़ कहा जाता है। किसी विशेष स्थान पर भीड़ क्षमता से ज्यादा बढ़ जाती है, तब ऐसी स्थिति पैदा होती हैं। भगदड़ के दौरान, भागते हुए लोग आपस में टकराते हैं और एक दूसरे के ऊपर गिर जाते हैं, जिसके कारण कई बार लोगों की दबने से मृत्यु तक हो जाती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश दुनिया में भगदड़ की जो भी बड़ी घटनाएं हुईं, उनमें करीब 79 फीसदी मामले धार्मिक आयोजन के दौरान हुए थे। ज्यादातर अफरा-तफरी अफवाहों की वजह से होती है। इसमें भीड़ जुटाने वाले लोगों को एहतियात बरतने की जरूरत होती है। भगदड़ में सबसे अधिक असुरक्षित महिलाएं, बच्चे और वृद्ध लोग होते हैं। भगदड़ को रोका जा सकता है। अगर क्राउड मैनेजमेंट को कंट्रोल कर लें, जिनके द्वारा आयोजन कराया जा रहा है उन्हें अगर भीड़ कितनी आएगी, स्थान विशेष पर कितना लोगों का दबाव होगा, इसकी सटीक जानकारी और बेहतर इंतजाम हों तो हादसे को कंट्रोल किया जा सकता है। कई तरीके हैं जिन्हें अपनाकर भीड़ काबू में की जा सकती है। भीड़ के दबाव को लाइन में लगाकर कम किया जा सकता है। भगदड़ की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग का इंतजाम होना चाहिए और वीवीआईपी मेहमानों के लिए सही तरीके से आगमन के उपाए होने चाहिए। बैरिकेड लगाकर, स्नेक लाइन एप्रोच बनाकर भीड़ को काबू में किया जा सकता है। ये वो तरीके हैं जिन्हें अपनाकर भगदड़ के प्रभाव को न्यूट्रल किया जा सकता है। किसी प्रकार की अफवाह होने की दशा में तत्काल प्रभाव से सही जानकारी मुहैया कराया जाना चाहिए। राजनेताओं , कथा वाचकों तथा तथाकथित धर्म गुरुओं के बड़े कार्यक्रम बड़े मैदानों में किया जाए तो फिर भगदड़ की संभावना कम हो जाती है। भगदड़ की स्थिति से बचने के लिए भारत सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन 1.0 के अंतर्गत विषयगत सर्किटों की पहचान की गई है और परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। पर्यटन मंत्रालय के प्रयासों से, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गोवा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों ने किसी न किसी रूप में पर्यटक पुलिस की तैनाती की है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## योगः कर्मसु कौशलम



संकलित
दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

## तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये।

गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री से पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रेस का महत्त्व समझें

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1993 में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष 3 मई को मनाए जाने की घोषणा की थी। हमारे देश के सबसे पहले समाचारपत्र का प्रकाशन 30 मई 1826 को हुआ था। यह पहला हिंदी समाचार पत्र था। इसका नाम है उदंत मार्तण्ड। और अब हमारे देश में विभिन्न भाषाओं के बहुत से समाचारपत्र प्रकाशित होते हैं। जितनी आजादी से हमारे देश में मीडिया अपना काम करता है, उतना शायद अन्य किसी देश में नहीं होता। लड़ाई हो तो पत्रकारों को बुलाओ, सड़क नहीं बनी तो पत्रकारों को बुलाओ, पानी नहीं आ रहा तो पत्रकारों को बुलाओ, नेतागिरी में हाईलाइट होना है तो पत्रकारों को बुलाओ, पुलिस नहीं सुन रही तो पत्रकारों को बुलाओ, प्रशासन के अधिकारी नहीं सुन रहे तो पत्रकारों को बुलाओ। कई समस्याओं के समाधान में मीडिया महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। – *पुलकित वर्मा, रायगढ़*

## ट्रेंड

### स्वामी शिवानंद को श्रद्धांजलि




योग के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान देने वाले काशी के प्रख्यात योग गुरु 'पद्म श्री' स्वामी शिवानंद का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! आपकी साधना एवं योगमय जीवन संपूर्ण समाज के लिए महान प्रेरणा है।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### राजनीति का विषय नहीं



पानी से संबंधित एक-एक आंकड़ा और एक-एक प्वाइंट हमारे पास है। हमें उतना ही पानी चाहिए, जितना पहले हमें दिया गया है। पंजाब के परिवारजन भी इस बात को समझते हैं, यह राजनीति का विषय नहीं है, बल्कि लोगों को पानी देने का विषय है।
**-नायब सैनी, सीएम, हरियाणा**

### हार्दिक शुभकामनाएं



दिल्ली भाजपा परिवार के सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों और प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपकी नियुक्ति संगठन की कार्यक्षमता को और सशक्त करेंगी तथा पार्टी के विचारों, मूल्यों और सेवा भाव को मजबूती से स्थापित करेंगी।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### बड़ी उपलब्धि का मोल



सपा के समय लखनऊ में बने वर्ल्ड क्लास पुलिस मुख्यालय की महान क्रिकेटर कपिल देव जैसे श्रेष्ठ लोगों से मिली सराहना हमारा उत्साह बढ़ाती है। बड़ी उपलब्धि का मोल और मान वही समझ सकता है, जिसने स्वयं बड़ी उपलब्धि पाई हो।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

## करंट अफेयर


### चीन, जापान पर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन का आरोप



जापान और चीन ने पूर्वी चीन सागर में जापानी नियंत्रण वाले उन द्वीपों के आसपास के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का एक-दूसरे पर आरोप लगाया है, जिन पर बीजिंग भी अपना दावा करता है। जापान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि शनिवार को चीन की चार तटरक्षक नौकाओं में से एक से उड़ान भरने वाले एक चीनी हेलीकॉप्टर ने सेनकाकू द्वीप के आसपास जापानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था, तथा लगभग 15 मिनट तक क्षेत्र का उल्लंघन किया था, जिसे लेकर उसने बीजिंग के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई क्षेत्र में घुसपैठ के जवाब में उसने भी लड़ाकू विमान भेजे। चीन नियमित रूप से द्वीपों के आसपास के जलक्षेत्र और वायुक्षेत्र में क्रमशः तटरक्षक जहाजों और विमानों को भेजता है, ताकि क्षेत्र में जापानी जहाजों को परेशान किया जा सके। चीन इन द्वीपों को दियाओयू कहता है। जापानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसनेजापान में चीनी दूतावास के समक्ष 'बहुत गंभीर विरोध' दर्ज कराया है। विरोध में कहा गया है कि चीन के तटरक्षक बल की कार्रवाई जापान की संप्रभुता का उल्लंघन करती है और चीनी सरकार से निवारक उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

## ऑफ बीट

### मसूड़ों के नीचे खिसकना आम चिंताओं में से एक



मसूड़ों की बीमारी – जिसे पीरियोडोंटाइटिस के रूप में भी जाना जाता है – एक गंभीर स्थिति है। ब्रश करते समय खून बहना, दांतों का हिलना, लगातार बदबूदार सांस आना या दांतों का हिलना जैसे लक्षणों की हमेशा जांच की जानी चाहिए। हालांकि, मसूड़ों के नीचे की ओर जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। शायद चौंकाने वाली बात यह है कि मसूड़ों के नीचे खिसकने का सबसे बड़ा कारण वास्तव में जरूरत से ज्यादा ब्रश करना है। बहुत ज्यादा बल का उपयोग करना या गलत उपकरणों से ब्रश करना (जैसे कि कठोर ब्रिसल वाला ब्रश) धीरे-धीरे मसूड़ों के ऊतकों को खराब कर सकता है। इलेक्ट्रिक दंतब्रश दबाव को कम करके मदद कर सकते हैं, खासकर नए मॉडल जो बहुत जोर से ब्रश करने पर रोशनी करते हैं। लेकिन वास्तव में बहुत से लोग इस बात पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि वे कितनी देर तक ब्रश करते हैं, न कि कैसे ब्रश करते हैं। यहां तक कि दंत साफ करने वाले इन ब्रश के साथ जोड़े जाने वाले स्मार्ट ऐप भी आमतौर पर प्रत्येक क्षेत्र में ब्रश करने के समय को उजागर करते हैं, न कि लगाए गए दबाव को। इसीलिए ब्रश करने की सही तकनीक सिखाना बहुत जरूरी है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

चुनाव आयोग ने उठाया बड़ा कदम

# अब ईसीआई एप पर होंगी चुनाव से जुड़ी सभी सुविधाएं

## मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों के लिए किया अहम बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ऑफ इंडिया अब देशभर के करोड़ों मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा डिजिटल बदलाव कर रहा है। आयोग जल्द ही ईसीआईनेट नाम से एक सिंगल-प्लेटफॉर्म एप लॉन्च करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह एप चुनाव आयोग की 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एकीकृत कर देगा। एप को खासतौर पर बेहतर यूज़र इंटरफेस और सरल यूजर एक्सपीरियंस (के साथ तैयार किया जा रहा है, जिससे मतदाता और अधिकारी बिना किसी झंझट के चुनाव से जुड़ी हर जानकारी तक पहुंच सकें। अब अलग-अलग एप्स डाउनलोड करने और पासवर्ड याद रखने की जरूरत नहीं होगी।



**40 से ज्यादा मौजूदा एप्स को खत्म**



- इसकी कल्पना मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने थी
- यह भी स्पष्ट किया स्टैच्युटरी फॉर्म्स में भरी गई जानकारी ही अंतिम मानी जाएगी

### मोबाइल या डेस्कटॉप पर मिलेगी पूरी जानकारी

इस आधुनिक प्लेटफॉर्म की कल्पना मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मार्च में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में की थी, जिसमें चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी मौजूद थे। नेट के जरिए उपयोगकर्ता अब अपने मोबाइल या डेस्कटॉप से ही जरूरी चुनावी जानकारी तक पहुंच पाएंगे। खास बात यह है कि इस एप पर अपलोड की जाने वाली सभी जानकारियां केवल अधिकृत चुनाव अधिकारी ही दर्ज करेंगे, जिससे डेटा की सटीकता बनी रहेगी। हालांकि,विवाद की स्थिति में स्टैच्युटरी फॉर्म्स में भरी गई जानकारी ही अंतिम मानी जाएगी।

**ये एप्स होंगे शामिल**

इस नई पहल के तहत चुनाव आयोग वोटर हेल्पलाइन एप ,वोटरटर्नआउट एप, सी विजिल, सुविधा 2.0,ईएसएमएस, सैकशाम और केवाईसी एप जैसे पॉपुलर एप्स को भी ईसीआई नेट में मर्ज कर देगा। इन एप्स को अब तक 5.5 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है।

### 100 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं को होगा इससे फायदा

इस नेट से न केवल 100 करोड़ से अधिक मतदाताओं को सुविधा होगी, बल्कि देशभर के 10.5 लाख बूथ लेवल अफसर, 15 लाख राजनीतिक एजेंट्स, 45 लाख से ज्यादा पोलिंग अधिकारी, 15,597 असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, 4,123 इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अफसर और 767 जिला चुनाव अधिकारी भी इससे जुड़ेंगे। इसका डेवलपमेंट अब एडवांस स्टेज में पहुंच चुका है और इसकी कार्यक्षमता, उपयोग में सरलता और साइबर सुरक्षा को लेकर कड़े ट्रायल्स किए जा रहे हैं। इसे 36 राज्यों के सीईओ, 767 डीईओ और 4,123 ईआरओ की सलाह-मशविरे के बाद विकसित किया जा रहा है। आयोग ने इसके लिए 9,000 पेजों वाले 76 से ज्यादा दस्तावेजों, नियमों और गाइडलाइंस की समीक्षा की है।

**यह पूरी तरह से कानूनी दायरे में होगा**

ईसीआई नेट एप के जरिए दी जाने वाली सभी सेवाएं और डेटा चुनाव आयोग द्वारा तय जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951, निर्वाचन नियम 1960, और चुनाव प्रक्रिया नियम 1961 के अंतर्गत ही संचालित होंगे।

## खबर संक्षेप

### विधायक पटेल 40 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**बांसवाड़ा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। बांसवाड़ा के बागीदौरा से भारतीय आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को एसीबी ने रिश्वत मामले में ट्रैप किया है। यह कार्रवाई 1ब विधायक के गनमैन के जरिए 20 लाख की पहली किस्त के रूप में कथित रिश्वत ली जा रही थी।

### कार पेड़ से टकराई 4 की असमय मौत



**प्रयागराज।** यहां के पिपरी कोतवाली के कस्बा चायल के आगे शनिवार रात करीब 12 बजे लौट रहे बरातियों की कार गुंगवा की बाग स्थित शिवरानी गेस्ट हॉउस के समीप जामुन के पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार 4लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप घायल हो गया है। डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

### सीमा हैदर पर गुजरात से आए युवक ने किया हमला



**नोएडा।** पाकिस्तानी सीमा हैदर पर युवक ने हमला कर दिया। शनिवार शाम को गुजरात से एक युवक सीमा के घर पहुंचा। आरोप है कि मेन गेट पर जोर-जोर से पैर मारे, फिर अंदर घुसते ही सीमा का गला दबाने लगा। उसने सीमा को तीन-चार थप्पड़ जड़ दिए। घटना से सीमा हैदर घबरा गईं और शोर मचा दिया। शोर सुनते ही उनके परिजन पहुंचे। हमलावर को पकड़ लिया।

### 13-14 मई को दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने अहम फैसला लिया गया। इसके तहत 13 और 14 मई को दिल्ली विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया जाएगा।

## पहलगाम हमले पर बोले राजनाथ, देशवासी जो चाहते हैं वह निश्चित रूप से होगा


# देश पर आंख उठाने वालों को मिलेगा मुंहतोड़ जवाब, पीएम की कार्यशैली से सभी परिचित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। संस्कृति जागरण महोत्सव को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एक रक्षामंत्री के रूप में मेरा दायित्व है कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं। उन्होंने कहा कि और मेरा ये दायित्व है कि अपनी सेना के साथ मिलकर देश के ऊपर आंख उठाने वालो को मुंहतोड़ जवाब दूं। उन्होंने कहा कि आप सभी हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अच्छी तरह जानते हैं। उनकी कार्यशैली से भी अच्छी तरह परिचित हैं। उनकी दृढ़ता से भी अच्छी तरह परिचित हैं। जोखिम उठाने का भाव किस तरह से उन्होंने अपनी जिंदगी से सीखा है, उससे भी आप परिचित हैं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं। जैसा आप चाहते हैं, वैसा होकर रहेगा। मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए ताकि हम इसे भारत की राजनीति में पुनः स्थापित कर सकें।

### भारत वीर और योद्धाओं की धरती

- एक रक्षामंत्री के रूप में मेरा दायित्व है कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित करूं
- रक्षामंत्री ने भारत मंडपम में सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव को किया संबोधित



**संस्कृति और आध्यात्मिकता भारत की ताकत**

उन्होंने कहा कि भारत की ताकत न केवल उसकी सशस्त्र सेनाओं में बल्कि उसकी संस्कृति, आध्यात्मिकता में भी है। उन्होंने कहा कि हम तभी सही मायने में विकसित भारत बनेंगे जब हम आर्थिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनेंगे। उन्होंने कहा कि जैसे हम सभी राष्ट्र की शरीर की रक्षा करते हैं। उसी तरह से संत हमारी राष्ट्र की आत्मा की रक्षा करते हैं। राष्ट्र की आत्मा की रक्षा तभी संभव है, जब अपनी संस्कृति, अपने मूल्यों और आध्यतम से जुड़े रहे हैं।

### केंद्र की किसी भी कार्रवाई का समर्थन करेगी कांग्रेस : प्रियंका

वायनाड (केरल)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में केंद्र सरकार की किसी भी कार्रवाई का पूरा समर्थन करेगी। प्रियंका ने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने पहले ही इस रुख की पुष्टि करते हुए एक प्रस्ताव पारित कर दिया है। वायनाड की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद ने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार पहलगाम हमले के मद्देनजर तेजी से कार्रवाई करेगी प्रियंका ने यहां संवाददाताओं से कहा, " कांग्रेस पार्टी...सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई और हमने एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में हमने कहा है कि सरकार जो भी कदम उठाने का फैसला करेगी, हम उसके साथ हैं।

### पाक कब्जे वाले कश्मीर को भारत में मिलाने का सही वक्त : शिवपाल



**गोंडा (उप्र)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भारत को 'पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर' (पीओके) को वापस लेने का अब समय आ गया है। यादव रविवार को गोंडा में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा, "भाजपा ने चुनावों में वादा किया था कि वह पीओके को भारत में शामिल करेगी, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।" यादव ने कहा कि भारत सरकार को हर उस क्षेत्र पर कार्रवाई करनी चाहिए, जो भारत का हिस्सा है।

### पुलिस महानिरीक्षक बिरदी ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी के बिरदी ने पिछले महीने पहलगाम आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में रविवार को घाटी में सुरक्षा की समीक्षा की। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, "आईजीपी (पुलिस महानिरीक्षक) कश्मीर वी के बिरदी ने आज पीसीआर कश्मीर में एक संयुक्त सुरक्षा समीक्षा बैठक की, जिसमें पुलिस, सेना, खुफिया एजेंसियों और सीएपीएफ (केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल) सहित विभिन्न सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने भाग लिया।"

### पहलगाम हमला करने वाले आतंकी 'जाहिल' लेकिन घटना को लेकर मुस्लिमों को निशाना बनाना गलतः अरशद मदनी



**नई दिल्ली (भाषा)।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में सैलानियों को मजहब पूछकर मारने वाले आतंकवादियों को 'जाहिल' बताते हुए रविवार को कहा कि इस्लाम किसी भी बेगुनाह के कत्ल की इजाजत नहीं देता है और इस हमले की आड़ में मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाना भी गलत है। मौलाना मदनी ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद कश्मीर में जिन लोगों के घर ढहाए गए हैं और सरकार को अगर "100 फीसदी यकीन' है कि वे इसमें शामिल थे, तो यह कार्रवाई बिल्कुल ठीक है। पाकिस्तान का नाम लिए बिना उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसे किसी आतंकी हमले को रोकने के लिए सरकार को इसके स्रोत को बंद करना होगा। जमीयत (एएम) की दो दिवसीय कार्य समिति की बैठक के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पहलगाम में हमला करने वाले आतंकवादी इस्लाम के बारे में कुछ नहीं जानते और वे 'जाहिल हैं क्योंकि इस्लाम बेगुनाह के कत्ल की इजाजत नहीं देता।

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बोले

# अवैध धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया जाएगा

भाषा ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य में आदिवासियों एवं अन्य लोगों के अवैध धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए एक नया सख्त कानून लाएगी। एक साक्षात्कार में साय ने ऐसे आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी से हटाने की भी वकालत की, जो धर्म परिवर्तन करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे धर्म परिवर्तन को रोका जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, "भारत एक देश धर्मनिरपेक्ष देश है। एक व्यक्ति की आस्था और विश्वास के अनुसार उसके कोई भी धर्म अपनाए जाने में कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन कुछ लोग शिक्षा और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का लालच देकर और उन्हें भ्रमित कर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे हैं, विशेष रूप से गरीबों का। मैं समझता हूं कि यह गलत है और यह नहीं होना चाहिए।



**अन्य प्रदेशों के कानून का अध्ययन कर रहे**

उन्होंने कहा कि हम अध्ययन कर रहे हैं कि अन्य प्रदेशों में किस तरह के कानून हैं। आने वाले समय में निश्चित रूप से हम कड़ा कानून बनाएंगे ताकि धर्मांतरण को रोका जा सके।" उन्होंने यह नहीं बताया कि विधानसभा में इस संबंध में नया विधेयक कब पेश किया जाएगा। कई आदिवासी समुदायों द्वारा सूची से बाहर करने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा, संविधान में प्रावधान है कि यदि अनुसूचित जाति (एससी) के लोग अन्य धर्म में धर्म परिवर्तन करते हैं।

### बर्खास्त सीआरपीएफ जवान बोला- विभाग को दी थी जानकारी, देरी के चलते ऑनलाइन निकाह किया

**श्रीनगर(एजेंसी)।** पाकिस्तानी महिला से शादी की बात छिपाने के आरोप में सीआरपीएफ की नौकरी से हटाए दिए मुनीर अहमद ने अपनी सफाई दी है। उसने कहा- 2022 में विभाग से शादी की परमिशन मांगी थी, लेकिन देरी हुई। इसके बाद 24 मई 2024 को पाकिस्तानी मीनल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शादी की। मुनीर ने कहा- शादी की बात अधिकारियों को भी बताई थी। उन्हें सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी दिए थे। जिसमें शादी का कार्ड, शादी की जगह और पत्नी के वीजा से जुड़ी जानकारी थी। दरअसल, 3 मई 2025 को सीआरपीएफ ने मुनीर अहमद को नौकरी से बर्खास्त कर दिया। सीआरपीएफ ने कहा था- मुनीर ने



पाकिस्तानी महिला से शादी की बात छिपाई, गैरकानूनी तरीके से उसे भारत में बिना वीजा के रखा, ये नेशनल सिक्योरिटी के खिलाफ है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने को कहा गया था। 30 अप्रैल को मीनल को भी अटारी बॉर्डर ले जाया गया था, लेकिन कानूनी हस्तक्षेप के बाद उसके डिपोर्टेशन पर रोक लगा दी गई थी।

## 1008 संभाषण शिविरों के समापन समारोह में बोले गृहमंत्री शाह

# देश में किसी भाषा का विरोध नहीं पर संस्कृत मजबूत होगी तो बाकी भाषाएं भी सबल होंगी

### संस्कृत भारती ने किया था कार्यक्रम का आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के पुनरोत्थान के लिए संघ और संस्कृत भारती ने एक मजबूत अभियान शुरू किया है।सरकार किसी भी भाषा का विरोध नहीं करती, बल्कि सभी भाषाओं को सशक्त बनाना चाहती है। ये बातें शाह ने संस्कृत भारती द्वारा आयोजित 1008 संभाषण शिविरों के समापन समारोह में कही।शाह ने



कहा कि संस्कृत अधिकांश भारतीय भाषाओं की जननी है। यदि संस्कृत मजबूत होगी तो बाकी भाषाएं भी मजबूत होंगी। पीए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### संस्कृत के अमृत ज्ञान को दुनिया में पहुंचाएं

शाह ने कहा कि संस्कृत के अमृत ज्ञान को सरल भाषा में दुनिया तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने सभी से अपील की कि संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि सरकार ने पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटाइजेशन के लिए 500 करोड़ का बजट तय किया गया है।इस मौके पर दिल्ली की सीएम रेका गुप्ता ने भी विचार रखे। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में हजारों लोगों ने भाग लिया, जो मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

### भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और अन्याय चरम पर : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और अन्याय की कोई सीमा नहीं रह गई है और यह पहली बार दिख रहा है कि प्रदेश के अधिकारी इस राज्य के बाहर 'निवेश' कर रहे हैं। यादव ने यहां प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय द्वारा अपने जिले सिद्धार्थनगर में गेहूं खरीद में 64 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाए जाने के बाद कहा, इस सरकार में भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। अन्याय भी उतना ही चल रहा है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार और अन्याय की वजह से ही पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार एकजुट हो गया है और इसी एकजुटता से घबराकर ही भाजपा ने जातिवार जनगणना का फैसला किया है।

### विहिप की धर्म संसद में 7 प्रस्ताव पास



**लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रविवार को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में धर्म संसद में अयोध्या, काशी और मथुरा समेत पूरे देश के साधु-संत धर्म संसद में शामिल हुए। इसमें 7 प्रस्ताव पारित हुए। सनातनी हेल्पलाइन नंबर जारी हुआ, हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रस्ताव पास हुआ। मुस्लिम इलाकों में मंदिरों और हिंदुओं की सुरक्षा के लिए अपना कार्यालय खोलेगा। सांप्रदायिक हिंसा को लेकर जून में सनातन यात्रा निकाली जाएगी। सनातन धर्म की रक्षा करने वालों को सनातन गौरव सम्मान दिया जाएगा। मुस्लिम हिंदू लड़कियों से शादी न कर सकें, एक अभियान चलाया जाएगा।लैंड जिहाद की घटनाओं को रोकने के लिए सनातनी सेना बनाई जाएगी।

## राज्यपाल ने गृह मंत्रालय को सौंपी मुर्शिदाबाद की रिपोर्ट

# पश्चिम बंगाल के लिए चुनौती बन रहा 'कट्टरपंथ'

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा पर केंद्र को एक रिपोर्ट सौंपी है। यह रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी गई है, जिसमें राज्य में बढ़ते कट्टरपंथ और उग्रवाद को गंभीर चुनौती बताया गया है। राज्यपाल ने कहा है कि बांग्लादेश से सटे जिलों मुर्शिदाबाद और मालदा में स्थिति चिंताजनक है। इन जिलों में हिंदू समुदाय अल्पसंख्यक हैं, जिससे सामाजिक संतुलन प्रभावित हुआ है। बोस ने यह भी लिखा कि हिंसा 'पूर्व-नियोजित' थी और राज्य सरकार को पहले से इसके खतरे का अनुमान था, बावजूद इसके सुरक्षा इंतजाम नाकाफी रहे।

- खतरे का अनुमान फिर भी सुरक्षा इंतजाम नाकाफी



### राज्यपाल ने कई सुझाव भी दिए

बोस ने कई सख्त सुझाव दिए हैं, जिनमें केंद्रीय बलों की तैनाती, जांच आयोग की स्थापना और जरूरत पड़ने पर संविधान के अनुच्छेद 356 के विकल्प पर विचार करना शामिल है। अनुच्छेद 356 का मतलब राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करना होता है। हालांकि, राज्यपाल ने यह स्पष्ट किया कि उन्होंने अनुच्छेद 356 लागू करने की सिफारिश नहीं की है, बल्कि केवल इसके विकल्प खुले रखने की बात कही है।

**संवैधानिक विकल्पों पर दिया जोर**

बोस ने यह भी कहा कि राज्य में राजनीतिक हिंसा के इतिहास को देखते हुए और मुर्शिदाबाद हिंसा के राज्य के अन्य जिलों पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए मैं सुझाव देना चाहूंगा कि भारत सरकार न केवल मौजूदा स्थिति पर नियंत्रण रखने के लिए बल्कि कानून के शासन में लोगों का विश्वास जगाने के लिए संवैधानिक विकल्पों पर विचार करे।

### राज्य में कानून-व्यवस्था की बहाली सुनिश्चित हो

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की ओर से बार-बार अल्पसंख्यक हितों की सुरक्षा का वादा भी हालात को नियंत्रित नहीं कर सका। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रशासनिक समन्वय की भारी कमी रही और पुलिस की प्रतिक्रिया कमजोर रही। राज्यपाल ने केंद्र से आग्रह किया है कि वह संवैधानिक उपायों पर विचार करे ताकि राज्य में कानून-व्यवस्था बहाल हो और जनता को शासन में भरोसा हो। बोस ने लिखा, विभाजन इतना गहरा है कि हिंसा के बढ़ने के बावजूद, मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार यह 'वचन' दिया जाना कि वे अल्पसंख्यक हितों की रक्षा करेंगी।

## पहलगाम हमला : एनआई की जांच में हो रहे नए-नए खुलासे

# खुफिया इनपुट का गलत मूल्यांकन, आतंकियों को स्थानीय मदद, जांच में खुल रही परत दर परत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में आतंकी हमले से पहले ऐसा नहीं कि खुफिया जानकारी बिल्कुल नहीं थी, सूत्रों ने बताया कि खुफिया जानकारी पर्यटकों पर हमले की थी लेकिन बहुत 'वेग इंफार्मेशन' थी। पर्यटकों पर आतंकी हमला कर सकते हैं, इस इनपुट के साथ ज्यादा फुटफॉल्स वाले सभी संभावित पर्यटन स्थलों पर तैनाती सुनिश्चित की गई लेकिन उच्चपदस्थ सूत्र मान रहे हैं कि इनपुट को फाइन ट्यून कर उचित पर्यटन स्थल पर जीरो-इन करने में चूक हुई। सूत्रों ने कहा, खुफिया एजेंसियों को हमले से पहले पर्यटकों को निशाना बनाने की संभावना के बारे में जानकारी थी, लेकिन इस जानकारी का विश्लेषण और समय पर कार्रवाई में कई कमियां रहीं। आईबी और अन्य खुफिया एजेंसियों ने हमले से कुछ दिन पहले, विशेष रूप से 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित श्रीनगर यात्रा के संदर्भ में, पर्यटकों को निशाना बनाने की आशंका जताई थी। ये सूचनाएं सामान्य थीं और स्थान-विशिष्ट नहीं थीं। इसमें श्रीनगर और आसपास के पर्यटक स्थलों, जैसे दाचीगाम नेशनल पार्क और जबरवान रेंज के होटलों, पर हमले की आशंका शामिल थी।

### खुफिया एजेंसियों ने खतरे की जानकारी इंटरसेप्ट की थी

हमले से दो महीने पहले भी खुफिया एजेंसियों ने खतरे की जानकारी इंटरसेप्ट की थी, लेकिन इसकी विशिष्टता स्पष्ट नहीं थी। खुफिया सूत्रों ने बताया कि आतंकी हाइब्रिड हमलों पर ध्यान दे रहे थे, जिसमें स्थानीय समर्थन, रेकी, और अचानक हमले शामिल थे। अधिकारियों ने स्वीकार किया कि सबसे बड़ी चूक स्थानीय खुफिया तंत्र की थी। आतंकी एक सप्ताह से पहलगाम के जंगलों में थे और रेकी कर रहे थे, लेकिन उनकी गतिविधियों का पता नहीं चल सका। पहलगाम-बैसरन मार्ग, जो 5.5 किलोमीटर लंबा और पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है, पर कोई पुलिस पिकेट या सुरक्षा तैनाती नहीं थी।

# सिंगापुर आम चुनाव में सत्तारूढ़ पीएपी को मिली बड़ी जीत

# 97 में से 87 सीटों पर जीते, वोंग फिर बनेंगे पीएम, 50 साल से सत्ता पर काबिज पार्टी, पीएम मोदी ने दी बधाई

सिंगापुर के चुनाव आयोग के मुताबिक 27,58,846 पंजीकृत मतदाताओं ने 1,240 मतदान केंद्रों पर वोट डाले। चुनाव में कुल 97 सीटों में से 92 पर मतदान हुआ। पीएपी ने सभी 92 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिंगापुर में हुए आम चुनाव में सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने एक बार फिर बड़ी जीत हासिल की है। पीएम लॉरेंस वोंग की पार्टी ने 97 में से 87 सीटें जीत ली हैं। यह लगातार 14वां मौका है जब पीएपी को चुनाव में बहुमत मिला है। अब यह साफ हो गया है कि लॉरेंस वोंग दोबारा सिंगापुर के पीएम बनेंगे। चुनाव में मुख्य मुकाबला 1965 से सत्ता पर काबिज पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) और प्रमुख विपक्षी दल वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपी) के बीच था। इनके अलावा कई अन्य छोटे दल भी चुनावी मैदान में थे।

सिंगापुर के चुनाव आयोग के मुताबिक 27,58,846 पंजीकृत मतदाताओं ने 1,240 मतदान केंद्रों पर वोट डाले। चुनाव में कुल 97 सीटों में से 92 पर मतदान हुआ। पीएपी ने सभी 92 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे। लॉरेंस वोंग पिछले साल मई 2024 में पूर्व पीएम ली ह्सियन लूंग के पद छोड़ने के बाद पीएम बने थे। अब उन्हें फिर से जनता का समर्थन मिल गया है। जीत के बाद पीएम वोंग ने कहा कि हम मजबूत जनादेश के लिए आभारी हैं।

### खास बातें

- सिंगापुर की आजादी के बाद से यानी 1965 से ही पीएपी सत्ता में
- वोंग ने जनता से नया जनादेश मांगा जिसमें भारी समर्थन मिला



### दो हिस्सों में बंटी हुई है संसदीय सीटें

दरअसल, सिंगापुर की संसदीय सीटें सिंगल मेंबर कॉन्स्टिट्यूएंसी (एसएमसी) और ग्रुप रिप्रेजेंटेशन कॉन्स्टिट्यूएंसी (जीआरसी) के दो हिस्सों में बंटी हैं। जीआरसी में 4-5 उम्मीदवारों की टीम चुनाव लड़ती है, जिसमें कम से कम एक अल्पसंख्यक समुदाय (मलय, भारतीय, या अन्य) का उम्मीदवार होना जरूरी होता है। ऐसी ही एक सीट पीएपी निर्विरोध जीत चुकी थी।

### आजादी के बाद से सत्ता में पीएपी

*सिंगापुर की आजादी के बाद से यानी 1965 से ही पीएपी सत्ता में है। पार्टी को 2020 के चुनाव में 83 सीटें मिली थीं। उस समय उसे 61.24% वोट मिले थे, जबकि 2015 में यह आंकड़ा 69.86% था। विपक्ष की वर्कर्स पार्टी ने 2015 में 6 सीटें और 2020 में 10 सीटें जीती थीं। 1948 में पहले आम चुनाव के बाद से यह सिंगापुर का 19वां और 1965 में स्वतंत्रता के बाद से 14वां चुनाव था। पीएम वोंग ने पिछले मई में ली सीन लूंग के करीब 20 साल बाद पद छोड़ने पर नए पीएम के रूप में शपथ ली थी। इस बार के चुनाव में वोंग और उनकी पार्टी ने अमेरिका द्वारा लगाए गए व्यापारिक टैक्स और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच जनता से नया जनादेश मांगा था- जिसमें उन्हें भारी समर्थन मिला।*

**ऑस्ट्रेलिया के नवनिर्वाचित पीएम अल्बनीज बोले**

## जनता ने विभाजन के बजाए एकता को चुना



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के फिर से पीएम चुने गए एंथनी अल्बनीज ने रविवार को सिडनी के एक कैफे में लोगों से बधाई प्राप्त करने के बाद कहा कि देश के लोगों ने विभाजन के बजाय एकता को चुना है। शनिवार को हुए चुनाव में अल्बनीज की लेबर पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की। अल्बनीज ने सिडनी के लीचार्ट स्थित एक व्यस्त कैफे में संवाददाताओं से कहा कि ऑस्ट्रेलियाई जनता ने विभाजन के बजाय एकता को चुना। उन्होंने कहा कि हम अपने दूसरे कार्यकाल में भी पहले कार्यकाल की तरह अनुशासित एवं व्यवस्थित तरीके से सरकार चलाएंगे। उन्होंने और उनकी मंगेतर जोडी हेडन ने अपने सहयोगियों और समर्थकों के साथ कैफे में कॉफी का आनंद लिया।

## सिंगापुर के साथ रिश्ते बहुआयामी



पीएम नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर वोंग को जीत की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि चुनाव में शानदार जीत पर हार्दिक बधाई लॉरेंस वोंग। भारत और सिंगापुर के रिश्ते मजबूत और बहुआयामी हैं। मैं आपके साथ मिलकर इन संबंधों को और गहरा करने के लिए काम करने को उत्साहित हूं।

## खबर संक्षेप

### ब्रिटेन में आतंकी हमले की साजिश में 8 गिरफ्तार



**लंदन।** ब्रिटेन के आतंकवाद-रोधी अधिकारियों ने लंदन में हमले की कथित साजिश रचने के आरोप में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से सात ईरानी नागरिक हैं। महानगर पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार को इंग्लैंड के विभिन्न हिस्सों से 29 से 46 वर्ष की आयु के पांच लोगों को 'आतंकवादी कृत्य' की तैयारी के संदेह में हिरासत में लिया गया। उसने बताया कि पांच गिरफ्तार संदिग्धों में चार ईरानी नागरिक हैं जबकि पांचवें की राष्ट्रीयता की पुष्टि अभी की जा रही है।

### आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक को वापस बुलाया

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक डॉ. कृष्णमूर्ति वी. सुब्रमण्यन को उनके तीन साल के कार्यकाल के छह महीने पहले ही वापस बुला लिया। यह निर्णय 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) द्वारा लिया गया। जिसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया। इस अप्रत्याशित फैसले के पीछे की वजह का कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई। मगर, माना जा रहा है कि सुब्रमण्यन ने आईएमएफ के डेटासेट और कार्यप्रणाली की सटीकता, पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए।

### 375 ग्राम मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार



**पालनपुर।** गुजरात पुलिस ने राजस्थान सीमा पर एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 37.50 लाख रुपए मूल्य की मेफेड्रोन (एमडी) जब्त की है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) एसएम वरोतरिया ने बताया कि शनिवार को बनासकांठा जिले के थराद कस्बे के पास गुजरात-राजस्थान सीमा पर एक चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच के दौरान राकेश बिश्नोई को गिरफ्तार कर उसके पास से 375 ग्राम मेफेड्रोन बरामद किया गया।

**मिसाइल अटैक के बाद लिया फैसला**

## तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट अबू धाबी की ओर डायवर्ट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से इजराइल की राजधानी तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को अबू धाबी डायवर्ट किया गया है। यह फैसला तेलअवीव बेन गुरियन एयरपोर्ट पर मिसाइल अटैक के बाद लिया गया। यमन के हूती विद्रोहियों ने बेन गुरियन एयरपोर्ट पर मिसाइल अटैक किया।

मिसाइल अटैक के कारण धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया और यात्रियों में दहशत फैल गई। इसके बाद कई फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा। इनमें एयर इंडिया की फ्लाइट एआई39 भी शामिल है। एयर इंडिया की ओर से इस संबंध में जारी एक बयान में कहा गया कि 3 मई 2025 को दिल्ली से तेल अवीव जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई139 को रविवार सुबह बेन गुरियन एयरपोर्ट पर हुई घटना के बाद अबू धाबी की ओर डायवर्ट कर दिया गया।

### 6 मई तक फ्लाइट्स सस्पेंड

बयान में तेल अवीव जाने वाली फ्लाइट्स को सस्पेंड करने का फैसला लिया गया। बयान में कहा गया-हम अपने यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल अवीव से आने-जाने वाली उड़ानें 6 मई 2025 तक तत्काल प्रभाव से निलंबित रहेंगी। ग्राउंड पर हमारा स्टाफ ग्राहकों की सहायता कर रहा है और उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था करने में मदद कर रहा है। एयरलाइन ने कहा कि 4 से 6 मई 2025 के बीच वैध टिकट के साथ हमारी फ्लाइट बुक करने वाले कस्टमरों को यात्रा पुनर्निर्धारण पर एक बार की छूट या कैंसिलेशन पर फुल रिफंड की पेशकश की जाएगी। हम दोहराना चाहेंगे कि एयर इंडिया में हमारे ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### यमन से दागी मिसाइल से 4 घायल

बेन गुरियन एयरपोर्ट के मुख्य टर्मिनल के पास यमन से दागी गई मिसाइल के गिरने से चार लोग घायल हो गए। मिसाइल हमले ने एयरपोर्ट पर परिचालन को कुछ समय के लिए रोक दिया। अधिकारियों ने बाद में कहा कि परिचालन फिर से शुरू हो गया है। हूती सैन्य प्रवक याह्या सारी ने कहा कि बेन गुरियन एयरपोर्ट एयर ट्रैवल के लिए अब अब सुरक्षित नहीं है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने जोरदार जवाब देने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि कोई भी हमें मारेगा, हम उन्हें सात गुना अधिक ताकत से मारेंगे।

**एक मीडिया रिपोर्ट में बड़ा खुलासा: पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के पास नहीं बचा गोला-बारूद**

# युद्ध हुआ तो सिर्फ 4 दिन में घुटनों पर होगा पाक, ज्यादा देर तक नहीं टिक पाएगी सेना

इस संकट की एक बड़ी वजह पाकिस्तान द्वारा हाल ही में यूक्रेन को भेजा गया हथियारों का जखीरा है। खास तौर पर 155एमएम आर्टिलरी शेल्स की भारी मात्रा में आपूर्ति से पाकिस्तान के पास अपने भंडार खत्म हो गए हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के चौरतफा दबाव से घिरे पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ, उनके मंत्री और सैन्य अधिकारी भले ही युद्ध की धमकी दे रहे हों लेकिन हकीकत कुछ ओर ही बयां करती है। दरअसल, पाकिस्तान की सेना इन दिनों एक गंभीर गोला-बारूद संकट से जूझ रही है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सेना के पास सिर्फ 96 घंटे तक युद्ध लड़ने के लिए जरूरी गोला-बारूद बचा है।

इसका मतलब है कि अगर कोई भी उच्च तीव्रता वाला युद्ध शुरू हो जाए, तो पाकिस्तान की सेना ज्यादा देर तक टिक नहीं पाएगी। इस संकट की एक बड़ी वजह पाकिस्तान द्वारा हाल ही में यूक्रेन को भेजा गया हथियारों का जखीरा है। खास तौर पर 155एमएम आर्टिलरी शेल्स की भारी मात्रा में आपूर्ति से पाकिस्तान के पास अपने भंडार खत्म हो गए हैं। ये गोले पाकिस्तान की आर्टिलरी-आधारित युद्ध नीति के लिए बेहद जरूरी हैं, जो अब सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। पाकिस्तान की हथियार निर्माण कंपनी पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री (पीओएफ), जो सेना को गोला-बारूद उपलब्ध कराती है वो अब पुराने उपकरणों और सीमित उत्पादन क्षमता के कारण घरेलू मांग पूरी नहीं कर पा रही है। पीओएफ का दावा है कि उसकी प्राथमिकता घरेलू जरूरतें हैं, लेकिन वर्तमान हालात में वो असफल रही है।

### 155एमएम आर्टिलरी शेल्स की आपूर्ति से भंडार खत्म



### पीओएफ द्वारा गोला-बारूद निर्माण की सीमित क्षमता



### डिपो में गोला-बारूद नहीं

बढ़ते खतरे को देखते हुए पाकिस्तान ने भारत सीमा के पास नए गोला-बारूद डिपो बनाना शुरू किया है। लेकिन जानकारों का कहना है कि जब भरने के लिए गोला-बारूद ही नहीं है, तो इन डिपो का कोई रणनीतिक फायदा नहीं होगा। एक रक्षा विशेषज्ञ ने बताया कि पाकिस्तान ने अपने गोले दूसरे देशों के युद्ध में भेज दिए और खुद खाली हाथ रह गया। यह एक आर्थिक लाभ के लिए उठाया गया कदम था, जिसने दीर्घकालिक रणनीतिक नुकसान पहुंचाया है।

### सैटेलाइट इमेज से हुई ना'पाक' करतूत बेनकाब

*पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षण शिविर की तस्वीर सामने आई है। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को पीओके में मौजूद लश्कर के इस शिविर की सैटेलाइट इमेज मिली है।इस शिविर का नाम 'जंगल मंगल शिविर' है और यह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मनसेहरा जिले के अतर सीसा कस्बे में स्थित है।*




### पीओके में दिखा लश्कर-ए-तैयबा का प्रशिक्षण शिविर

लश्कर के प्रशिक्षण शिविर के पास मिलिट्री एस्टेब्लिशमेंट बिल्डिंग और एक मस्जिद भी मौजूद है। प्रशिक्षण शिविर में एक लिविंग एरिया, गेस्ट मीटिंग हॉल है। हथियारों की प्रैक्टिस के लिए एक बड़ा ग्राउंड एरिया भी मौजूद है। शिविर में विदेशी आतंकियों को प्रशिक्षित करने की अलग से व्यवस्था है। पीओके में मौजूद इस जंगल मंगल आतंकी प्रशिक्षण शिविर के फगला बीआर लोकेशन पर आतंकियों और आईएसआई के बड़े कमांडरों की बैठकें होती हैं।

### सेना के शीर्ष अधिकारियों की बैठक में उठा मुद्दा

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 2 मई को हुई कोर कमांडर्स की विशेष बैठक में इस गंभीर स्थिति पर चर्चा हुई। सेना के वरिष्ठ अधिकारी इस हालात को लेकर बेहद चिंतित हैं और कई हद तक असहज महसूस कर रहे हैं। पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पहले ही पाकिस्तान की सीमित युद्ध क्षमता को लेकर चेतावनी दे चुके थे। उन्होंने आर्थिक और लॉजिस्टिक समस्याओं को प्रमुख वजह बताया था। पाकिस्तान की वर्तमान आर्थिक स्थिति, जिसमें महंगाई चरम पर है, कर्ज लगातार बढ़ रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार गिर रहा है।

**पीयूष गोयल ने सस्टेनेबिलिटी पहल को सराहा**

## भारत-यूके के बीच व्यापार समझौते पर तेजी से आगे बढ़ रही है बातचीत

एजेंस ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल लंदन दौरे पर भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौता बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से मुलाकातें कर रहे हैं। उन्होंने इंटरनेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबिलिटी का दौरा किया और भारत के पर्यावरण और सतत विकास के प्रयासों की सराहना की। गोयल ने सेंटर के संस्थापक ट्रस्टी सचिन नंदा से मुलाकात की और सेंटर द्वारा भारत-यूके सहयोग और भारत के सस्टेनेबिलिटी पहल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के प्रयासों को सराहा।

### भारतीय संगठनों के प्रतिनिधियों से की मुलाकात



गोयल ने यूके में मौजूद भारतीय संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और उनके सांस्कृतिक और आर्थिक योगदान की सराहना की। उन्होंने लिखा कि ये संगठन भारत और यूके के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रिश्तों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। गोयल ने लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम से भी बातचीत की।

### यूके के साथ निवेश, व्यापार को बढ़ावा देने पर सहमति

गोयल ने यूके के बिजनेस एंड ट्रेड सेक्रेटरी जोनाथन रेनॉल्ड्स से मुलाकात की और भारत-यूके एफटीए को जल्द पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने इस व्यापार समझौते के जरिए निवेश, व्यापार और इनोवेशन को बढ़ावा देने पर सहमति जताई।

**जयशंकर का यूरोप को परोक्ष संदेश**

## भारत को साझेदारों की तलाश, उपदेशकों की नहीं



**नई दिल्ली (भाषा)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत के साथ गहरे संबंध विकसित करने के लिए यूरोप को कुछ संवेदनशीलता दिखाने और पारस्परिक हितों को ध्यान में रखने की सलाह देते हुए रविवार को कहा कि भारत भागीदारों की तलाश कर रहा है, न कि ''उपदेशकों'' की। जयशंकर ने एक संवादात्मक सत्र में कहा कि भारत ने हमेशा ''रूसी यथार्थवाद'' की वकालत की है और संसाधन प्रदाता एवं उपभोक्ता के रूप में भारत और रूस के बीच ''महत्वपूर्ण सामंजस्य'' है और वे इस मामले में एक दूसरे के ''पूरक'' हैं। विदेश मंत्री ने रूस-यूक्रेन संघर्ष का समाधान रूस को शामिल किए बिना खोजने के पश्चिम के पहले के प्रयासों की भी आलोचना करते हुए कहा कि इसने ''यथार्थवाद की बुनियादी बातों को चुनौती दी है। उन्होंने 'आर्कटिक सर्किल इंडिया फोरम' में कहा, ''मैं जैसे रूस के यथार्थवाद का समर्थक हूं, वैसे ही मैं अमेरिका के यथार्थवाद का भी समर्थक हूं।

**14 जून को जारी होगा रिजल्ट**

## सुरक्षा के बीच देश के 552 शहरों में हुई नीट की परीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रविवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। देशभर के 552 शहरों के करीब पांच हजार केंद्रों एवं 14 विदेशी सेंटर्स पर करवाया गया है। परीक्षा संपन्न होने के बाद अब एनटीए की ओर से कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा और इसके बाद 23 लाख से अधिक स्टूडेंट्स का रिजल्ट जारी किया जाएगा। ब्रोशर में दी गई डिटेल के मुताबिक रिजल्ट 14 जून 2025 को घोषित किया जाएगा। भोपाल में दोपहर 2 बजे से शुरू हुई परीक्षा शाम 5 बजे तक चली। हालांकि सुबह 11 बजे से ही छात्रों का सेंटरों पर पहुंचना शुरू हो गया था। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि नीट की परीक्षा के लिए 35 सेंटर बनाए गए थे। इसमें 14 हजार स्टूडेंट्स एग्जाम में शामिल हुए। सभी सेंटरों पर सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखने पुलिस की व्यवस्था की गई थी। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में सिर्फ एडमिट कार्ड, आइडेंटी कार्ड और पानी की बॉटल ले जाने की अनुमति दी गई। परीक्षार्थियों के बैग भी परीक्षा केंद्र से 100 मीटर दूर रखवा दिए। गर्मी को देखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल टीम की ड्यूटी लगाई गई थी।

**बांग्लादेश में भड़के कट्टरपंथी**

## कहा- पश्चिमी कानून हमारे ऊपर मत थोपो, ये इस्लामिक आस्था के खिलाफ



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शनिवार को एक कट्टरपंथी इस्लामी ग्रुप हिफाजत-ए-इस्लाम से जुड़े 20 हजार लोगों ने रैली निकाली। इसमें सरकार से महिला सुधार आयोग को खत्म करने की मांग की गई। रैली में आए लोगों ने महिला सुधार आयोग को इस्लामी आस्था के खिलाफ बताया।

### आयोग के सदस्यों के लिए सजा की मांग की

हिफाजत-ए-इस्लाम से जुड़े एक नेता मामुनुल हक ने महिला सुधार आयोग के सदस्यों के लिए सजा की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इस आयोग ने देश के बहुसंख्यक लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। महिला मदरसा के शिक्षक मोहम्मद शिहाब उद्दीन ने रैली में कहा कि पुरुष और महिला कभी समान नहीं हो सकते। कुरान में महिलाओं और पुरुषों के लिए जीवन जीने के खास नियम बताए हैं।

**पाक की गीदड़भभकी के बीच 'दोस्त' रूस का मिला साथ**

**दुश्मन के एयरक्राफ्ट के इंजन की गर्मी को ट्रैक करके निशाना बनाती है**

## भारतीय सेना की बढ़ी ताकत, क्रेमलिन से भारत को मिला 'आसमान का रक्षक', भेजी इग्ला-एस मिसाइल, पल भर में होगा दुश्मन का काम तमाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरण पर है। इस बीच रूस ने भारतीय सेना को इग्ला-एस मिसाइलों की नई आपूर्ति प्रदान की है। बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस- वीशोरेड्स) भारतीय सेना की वायु रक्षा सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इग्ला-एस मिसाइलों की नई आपूर्ति केंद्र द्वारा बलों को दी गई आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत किए गए अनुबंध के हिस्से के रूप में प्राप्त हुई है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इग्ला-एस वायु रक्षा मिसाइलों की नई आपूर्ति कुछ हफ्ते पहले भारतीय सेना को मिली हैं। इससे सीमाओं पर दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों और ड्रोन से खतरे का ख्याल रखने के लिए अग्रिम संरचनाओं को प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करीब 260 करोड़ रुपए के इस अनुबंध से अग्रिम क्षेत्रों, खासकर पश्चिमी क्षेत्र में वायु रक्षा सैनिकों की ताकत बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय वायु सेना ने वायु रक्षा मिसाइलों के लिए इसी तरह के अनुबंध का विकल्प चुना है, जो इंफ्रा रेड सेंसर आधारित वीशोरेड्स हैं।

### इग्ला-एस मिसाइल की खासियत



इग्ला-एस मिसाइलें इंफ्रारेड टेक्नोलॉजी पर आधारित हैं। सेना पहले से ही इस प्रणाली के पुराने वर्जन का इस्तेमाल कर रही थी। अब नए संस्करण से हवाई खतरों से निपटने की क्षमता कई गुना बढ़ेगी। इग्ला-एस इन्फ्रारेड (आईआर) सीकर पर आधारित है, यानी यह दुश्मन के एयरक्राफ्ट के इंजन की गर्मी को ट्रैक करके निशाना बनाती है, जिससे इसे रडार से पकड़ना कठिन होता है। इसकी रेंज करीब 6 किलोमीटर तक है, यानी यह कम ऊंचाई पर 6 किमी दूर तक किसी भी लक्ष्य को गिरा सकती है। यह मिसाइल लगभग 3.5 किलोमीटर तक की ऊंचाई पर उड़ रहे टारगेट को निशाना बना सकती है।

### चलाने में आसान और हल्का

*यह कंधे पर ले जाने योग्य सिस्टम है, जिसे कठिन इलाकों में आसानी से ले जाया जा सकता है और कुछ सेकंड में ऑपरेशन के लिए तैयार किया जा सकता है। इग्ला-एस में प्रॉक्सीमिटी फ्यूज भी होता है, जो टारगेट से सीधे न टकराने पर भी उसे निष्क्रिय करने में सक्षम होता है। यह प्रणाली खासकर ड्रोन व यूएवी से निपटने में बेहद असरदार मानी जाती है, जो कि आधुनिक युद्ध की सबसे बड़ी चुनौती बन चुके हैं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25